हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 9 सितंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 19.8 डिग्री

12 जैन समाज ने की सामूहिक क्षमा याचना, तपसियों का किया सम्मान

13 विनायकपुर स्कूल में शिक्षक दिवस का किया आयोजन


## 7 साल में ही 6 बार से ज्यादा प्लानिंग, हुआ कुछ नहीं, वर्तमान में बीसीसीआई और सीएससीएस में एमओयू की चर्चा


# रविशंकर स्टेडियम दुर्ग की दुर्दशा

# संवारने के लिए हर बार सब्जबाग... 33 साल लीज पर देने की फाइल अटकी, इधर गैलरी में दरारें, गेट पर पानी जमा, खिलाड़ी कहां खेलें

अतुल अग्रवाल ▶▶| भिलाई

*मैं रविशंकर स्टेडियम... पिछले करीब 47 सालों से बिना डिगे खड़ा हुआ है। मेरे सीने पर चढ़कर ही क्रिकेट, हॉकी से लेकर अन्य खेलों के सितारे चमके, बड़े-बड़े अवार्ड पाए। देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाई, लेकिन मुझे भुला दिया। कभी खेल से जुड़े हर आयोजन हो या फिर आजादी का पर्व। मुझे दुल्हन की तरह सजा जाता था। हर वीवीआईपी, राजनेता, प्रशासनिक महकमें के बड़े अफसर मुझे देखने के लिए पहुंचते। तपती धूप, तेज बारिश, ठंडी हर मौसम से लड़कर मैं आज भी उसी मजबूती के साथ खड़ा हूं, लेकिन समय की मार से मैं भी नहीं बच पाया हूं। दरार रूपी झुर्रियां मेरे इस मैदान रूपी घर और दीवारों पर नजर आने लगी हैं। मुझे बेकाम की चीज समझकर छोड़ दिया गया है। हालत यह है कि अब मुझे पहले जैसे दुल्हन की तरह नहीं सजाया जाता। खिलाड़ी, सितारें, राजनेता और अफसर भी नहीं आते। हालात यह है कि पिछले दो महीने से बारिश का पानी मेरे गेट पर जमा हुआ है। पहुंचने वाले प्रशिक्षु खिलाड़ी जिसे देखकर और निराश होकर लौट जा रहे हैं। उन्हें मालूम है कि अब रविशंकर स्टेडियम में वह बात नहीं, जो कभी हुआ करती थी। हर बार मुझे संवारने का सब्जबाग दिखाया जाता है, फिर उसे भुला दिया जाता है। आंख में आंसू दिल में पीड़ा से मैं कराहने लगा हूं। मुझे डर है कि मेरी जर्जर होती हालत के बीच कहीं मैं ढह न जाऊं। आप सभी शहरवासियों ने मेरे अच्छे दिन देखे हैं। कभी न कभी आप मेरे इस घर रूपी मैदान में खेलने के लिए जरूर आए होंगे, आपसे आग्रह है कि एक बार जरूरी मेरी तरफ ध्यान दें, शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराएं, ताकि मेरी तरफ ध्यान दिया जा सके। मैं एक बार फिर खड़ा हो सकूं और अपने शहर के बच्चों को खिलाड़ी के रूप में पहचान दिलाने में सहयोग कर सकूं...*

तस्वीरों में नजर आ रही स्टेडियम की हालत






### बीसीसीआई ने दिलाई आस लेकिन फाइल आगे नहीं बढ़ रही

पूर्व मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल के नाम वाले इस स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की तर्ज पर विकसित किया जाना य किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ और बीसीसीआई के प्रतिनिधियों के बीच कई दौर की बात हो चुकी है। बीसीसीआई की टेक्निकल कमेटी ने निरीक्षण भी किया है। प्रारंभिक रूप से बनी योजना में स्टेडियम के चारों तरफ खेल एरिया,पार्किंग, इनडोर और आउटडोर निर्माण के लिए प्रस्तावित है। जिला क्रीडांगन समिति द्वारा बीसीसीआई को स्टेडियम 33 साल की लीज पर देने की तैयारी मैं है। वर्तमान में मुकम्मल प्रोजेक्ट ही तैयार नहीं हो पाया है। विधायक गजेंद्र यादव की पहल के बाद यह कवायद शुरू हुई है। नई खेल अकादमी तैयार की जानी है। स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने की बात कही जा रही है। ताकि टी-20, रणजी ट्रॉफी, कर्नल सीके नायडू, विजय हजारे, विजय मर्चेंट ट्रॉफी मैच हो सकें। इसके अलावा बाहरी क्षेत्र में दूसरे खेल बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, स्वीमिंग को प्रमोट करने की तैयारी है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### 6 से ज्यादा बार हो चुकी प्लानिंग लेकिन काम एक बार भी नहीं

बता दें कि रविशंकर स्टेडियम के मेंटेनेंस, रिनोवेशन और नया स्वरूप दिए जाने को लेकर पिछले करीब 10 साल से लगातार प्लानिंग हो रही है, जो भी कलेक्टर रहा, उन्होंने मेंटेनेंस, रिनोवेशन और नए सिरे से स्टेडियम की सुधार की बातें कहीं। डीएमएफ सहित अन्य मदों से फंड जुटाए, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। 2018 में सांसद सरोज पांडेय ने इसी जगह पर इंडोर स्टेडियम का प्लान किया लेकिन फाइल आगे नहीं बढ़ी। इसके बाद 39.87 करोड़ रुपए की लागत से 6 चरणों में स्टेडियम का कायाकल्प करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया। तत्कालीन कलेक्टर उमेश अग्रवाल ने इस पर प्रयास किया, लेकिन उनके जाते ही फाइल बंद पड़ गई। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने 2 साल पहले 15 करोड़ रुपए की लागत से स्टेडियम का कायाकल्प करने की कही, यहां तक फंड रिलीज होने की जानकारी दी, लेकिन काम नहीं हुआ। वर्तमान विधायक और मंत्री गजेंद्र यादव ने एक बार पुनः प्रयास शुरू किया है। स्टेडियम को बीसीसीआई को लीज पर देने की तैयारी है। बीसीसीआई अपनी गाइडलाइन के अनुरूप स्टेडियम का रिनोवेशन करेगा।

### क्रीडांगन समिति सिर्फ नाम के लिए, नहीं रही सक्रियता, इसलिए ज्यादा दिक्कत

बता दें कि स्टेडियम 1979 में शुरू हुआ। इसके बाद इसके संचालन के लिए क्रीडांगन समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष पदेन कलेक्टर और सचिव एसडीएम को बनाया गया। समिति के फाउंडर मेंबर्स में झुमुकलाल राउत, कस्तूरचंद पुरोहित, महेंद्र सक्सेरिया, गजानन झा, प्रकाश जैन, भंवरलाल जैन, डॉ. विनय पाटणकर शामिल थे। बता दें कि 1994 स्टेडियम में जिला अस्पताल में बन रहे ब्लड बैंक के लिए दूसरा फ्लड लाइट मैच खेला गया था। इससे पहले 1983-84 में क्रिकेटर्स ने मैच खेले। इस मैच के लिए भारतीय टीम दुर्ग पहुंची थी। खिलाड़ियों में अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, नवजोद सिंह सिद्धू, अजय जडेजा, संजय मांजरेकर, नयन मोगिया, कपिल देव, जवागल श्रीनाथ, वेकंटपति राजू, सलिल अलकोला, अनिल कुंबले, प्रवीण आमरे, विनोद कामली, मनोज प्रभाकर शामिल थे। सभी ने इस मैदान की प्रशंसा की। उनके हस्ताक्षर किए दस्तावेज आज भी मौजूद हैं।

### बीसीसीआई को लीज पर देने को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया

वर्तमान में इस ग्राउंड को बीसीसीआई को लीज पर दिए जाने को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया है। खेल प्रेमियों को जहां इस ग्राउंड की वजह से राज्य स्तर पर पहचान मिलने की प्रसन्नता है, वहीं खिलाड़ियों में खासी निराशा है। उनकी मानें तो स्थानीय प्रतिभाओं से एक और खेल मैदान छिन जाएगा। वर्तमान में शहर में वैसे ही खेल मैदानों की कमी है। वर्तमान में शहर के एक बड़े हिस्से से खिलाड़ी इस मैदान में नियमित रूप से प्रैक्टिस करते हैं। संसाधनों के अभाव के बावजूद वे अपनी प्रतिभा के दम पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। मैदान लीज पर जाने के बाद उन्हें यहां खेलने का मौका नहीं मिल सकेगा।


फोटो : संजय पांडेय

### बीसीसीआई को लीज पर देने की प्रक्रिया चल रही

"स्टेडियम के रिनोवेशन को प्राथमिकता में रखा गया है। बीसीसीआई से इसे लेकर बात चल ही है। विजिट भी किया जा चुका है। जल्द ही इस विषय पर निर्णय लिया जाना है।
**-हरवंश मिरी,** संयुक्त कलेक्टर दुर्ग

## खबर संक्षेप

### आवागन बाधित करने वाली दुकानों को हटाया



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर मॉडल टाउन के सामने चाट, गुपचुप, फल वालो द्वारा सड़क बाधित कर दुकाने संचालित की जा रही थी, जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा था। स्थानीय लोगो द्वारा इसकी शिकायत जनदर्शन में की गई थी। दुकान संचालको को कई बार स्वयं से दुकान हटाने के लिए बोला गया, फिर भी नहीं हटाया गया। सोमवार को सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा उक्त दुकानो को हटाने की कारवाई की गई। सभी दुकानों को रोड बाधित क्षेत्र से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी संजीव तिवारी, शशांक सिंह, इमान सिंह कन्नौज, यश मेश्राम, मंगल जांगड़े, राजेंद्र सिंह, गोकर्ण, विष्णु सोनी आदि उपस्थित रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्रवाई

**भिलाई।** जोन 1 अंतर्गत वार्ड 2 स्मृति नगर के व्यावसासियों के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर में गंदगी पाए जाने सहित सोर्स सेग्रीगेशन (पृथक गिला, सूखा) नहीं पाए जाने पर कार्रवाई करते हुये 9500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसी तरह जोन 2 के अंतर्गत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मे कार्यवाही करते हुए गौरव पथ रोड में 10 लोगों से रुपए 2100 का दंडिक शुल्क आरोपित किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव पांडेय का आम नागरिकों से अपील है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। घरेलू सामग्री या सब्जी खरीदी हेतु घर से बाजार जाते समय थैला अपने साथ अवश्य रखें।

महापौर परिषद की बैठक में निर्णय, 20 एजेंडा पर हुई चर्चा

# टैक्स एकमुश्त जमा करने पर मिलेगी 10% छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई में महापौर परिषद बैठक सोमवार को महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं उपायुक्त सह सचिव नरेन्द्र बंजारे की उपस्थिति में हुई। बैठक में तय किया गया कि बकाया टैक्स एकमुश्त जमा करने वालों को 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। बैठक में कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा के बाद निर्णय लिया गया। 22 एजेंडों को चर्चा के लिए लाया गया, जिन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज सोलर प्लांट स्थापना कार्य को परिवर्तन कर 77 एमएलडी. जलशोधन संयंत्र में ऑनग्रिड सोलर प्लांट स्थापना हेतु महापौर परिषद से स्वीकृति मिली। 5 वर्ष की अवधि के लिए विज्ञापन हेतु स्वयं के व्यय से यूनिपोल स्थापना सहित संधारण कार्य हेतु परिषद से स्वीकृति मिली है। यूनिपोल स्थापना एसीसी रोड चौक से जामुल बोग़दा, एसीसी चौक से कुर्सीपार फ्लाई ओवर, सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक, अवंती बाई चौक से आईआईटी भिलाई सहित कुल 8 रोड का चयन यूनिपोल स्थापना हेतु किया गया। सुरक्षा दृष्टिकोण से सेना के सेवानिवृत अधिकारी एवं पैरामिलिट्री फोर्स के 20 जवान की उड़न दस्ता टीम गठित किये जाने के संबंध परिषद से स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर आदि मौजूद थे।



### कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के कवर्ड हिस्से की मिलेगी अनुमति

आकाश गंगा व्यावसायिक परिसर की आबंटित दुकानदारों द्वारा बरामदा कवर्ड कर व्यवसाय किया जा रहा है। दुकानों के सामने कवर्ड बरामदा को आबंटन की कार्रवाई कलेक्टर गाइडलाइन अनुसार की जाने की स्वीकृति मिली है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका नियुक्ति अंतर्गत अंतिम योग्यता सूची प्रस्ताव मेंयर इंन कॉसिल में स्वीकृत की गई। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य एवं नेहरू नगर अंडर 20 से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन तक रेलवे लाइन के समांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य की निविदा को वहां पर परिषद से स्वीकृति प्रदान की गई है।

### बकाएदारों से टैक्स वसूली के लिए निगम चलाएगा अभियान

बैठक में तय किया गया कि कुछ भवन, भूमि स्वामियों द्वारा विगत वर्षों का संपत्तिकर एवं अन्य राजस्व करों का भुगतान निगम द्वारा निर्धारित समयावधि में नहीं किया जा रहा है। जिससे बकाया संपत्तिकर, शिक्षा उपकर, समेकितकर की वसूली नहीं हो पा रही है। इस स्थिति में राजस्व करों की वसूली में वृद्धि किये जाने हेतु भवन, भूमि स्वामियों द्वारा बकाया वर्षों की संपत्तिकर, शिक्षाउपकर, समेकितकर की राशि का भुगतान एकमुश्त 30 नवम्बर 2025 तक किया जाता है, तो उस स्थिति में केवल सम्पूर्ण बकाया संपत्तिकर की राशि पर 10 प्रतिशत की छूट बिना अधिभार एवं शास्ति के दिया जाना प्रस्तावित है।

### पूरे दिन रुक-रुककर बारिश, आज भी आसार

**भिलाई।** भिलाई-दुर्ग में सोमवार को पूरे दिन रुकरुककर बारिश हुई। सोमवार को जिले में 6.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में भी बारिश के आसार बने हुए हैं। इधर बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.3 डिग्री कम रहा। जिले में 1 जून से अब तक 811.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जबकि 860 मिलीमीटर औसत बारिश है। इस प्रकार सामान्य से 6 मिलीमीटर बारिश कम हुई है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 15 सितंबर तक अच्छी बारिश के आसार हैं। इधर बारिश अच्छी होने से किसान भी खुश है। बहरहाल धान की फसल की ग्रोथ सामान्य रूप से हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक इसी तरह के हालात बने रहेंगे। मानसून लौटने लगा है। जल्द ही उत्तर की हवा का असर दिखने लगेगा।

## कामधेनु यूनिवर्सिटी में 68 सीटों के लिए काउंसिलिंग कल से

**दुर्ग।** वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के अंतर्गत वेटनरी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बीव्हीएससी एण्ड एएच स्नातक पाठ्यक्रम में नीट यूजी 2025 की प्रावीण्यता सूची के आधार पर 68 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है।

प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन 28 अगस्त तक नियत किया गया था। पंजीयन के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया 10 सितंबर को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में सुबह 10 बजे प्रारम्भ होगी। सीट रिक्त होने पर द्वितीय काउंसिलिंग 30 सितंबर को आयोजित होगी। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन, विस्तृत शैक्षणिक योग्यता, आयु एवं अनिवार्य अर्हताऐं, प्रत्येक श्रेणी एवं वर्ग में उपलब्ध सीटों की संख्या, फीस इत्यादि प्रवेश नियमों के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsvckvdurg.ac.in एवं http://cgkvmis.cg.nic.in पर उपलब्ध हैं।

प्रवेश काउंसिलिंग के संबंध में समस्त सूचनायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट में ही प्रकाशित होगी। आवेदकगण निरन्तर विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।


सूचना देने वाले को दिया जाएगा 5 हजार रुपए का इनाम

# तिरगा में शराबबंदी लागू, पकड़े गए तो 11 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर अंडा थाना अंतर्गत ग्राम तिरगा में ग्राम पंचायत स्तर पर एक अनोखी पहल की गई है। इस गांव में शराबबंदी को पूर्णतः लागू करने की दिशा में प्रयास शुरू किया गया है। दरसल गांव में चार कोचिए को पकड़ा गया। उन्हें पंचायत में बुलाया गया। उनसे शराब नहीं बेचने की हिदायत दी गई।

अन्यथा पंचायत स्तर पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके बाद सभी में 11-11 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, साथ ही तय किया गया कि जो कोई गांव में शराब बेचते पाया जाएगा उन सभी से जुर्माना वसूला जाएगा। 4 में से तीन ने मौके पर ही पांच-पांच हजार रुपए जमा कराए। बाकी पैसे जमा करने के लिए समय मांगा। एक कोचिए ने पंचायत का आदेश मानने से ही इंकार कर दिया। उसे सोचने के लिए समय दिया गया है, अन्यथा गांव से अपेक्षित सहयोग नहीं देने की चेतावनी दी गई है। अप्रत्यक्ष रूप से हुक्का-पानी बंद करने मौखिक अल्टीमेटम दिया गया है। ग्रामसभा बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। बैठक में गांव के सरपंच घसियाराम देशमुख, उपसरपंच सुखित राम ढीमर, रुखमन देशमुख, बाबूलाल देशमुख, टीकू दिल्लीवार, तेजराम यादव, गोवर्धन ढीमर, रामसाय बेलचंदन, गैंदलाल देशमुख, नंदलाल देशमुख, शिव देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।



### छोटे बच्चे गुटखा-पानी पाउच बेचते पाए गए, तो परिजनों पर कार्रवाई

जिला पंचायत के पूर्व सदस्य मुकेश बेलचंदन ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शराबबंदी को सख्ती से लागू करने का ऐलान किया गया है।पंचायत में यह भी तय किया गया कि गाँव में जुआ खेलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। छोटे बच्चों को दुकानों से गुटखा, तंबाकू और पानी पाउच बेचे जाने पर रोक होगी। इस नियम का उल्लंघन करने पर उनके परिजनों से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ग्रामसभा ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पंचायत द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शराबबंदी को लेकर चलाएंगे जागरुकता अभियान

तिरगा के ग्रामीणों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में शराबखोरी तेजी से बढ़ रही है। युवा नशे की चपेट में हैं। इसे देखते हुए तिरगा में एक शुरुआत की गई है। प्रयास है कि पूरे प्रदेश के गांवों में यह अभियान चलाया जाए। लोगों को जागरूक किया जाए। इसके लिए गांव के लोग दूसरे गांव के लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों से संपर्क कर रहे हैं। ताकि ग्रामसभा के माध्यम से इस निर्णय को दुर्ग जिले के सभी गांवों में लागू किया जाए। सभा में यह भी तय हुआ कि गाँव के किसी भी सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना प्रतिबंधित रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### मूलभूत सुविधा नहीं विधायक को कराया अवगत

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में मुलभुत सुविधाओं के लिए जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर पूर्व पार्षद राम कुमार सूर्यवंशी ने अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि महीनों से मोटर जलने के बाद उसे अपडेट नहीं किया जा रहा है। स्ट्रीट लाइटे भी बंद पड़ी हुई है। इसके कारण वार्डो में अंधेरा छाया हुआ है। साफ सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। निगम में फंड नहीं होने के कारण दो वर्षो से जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। जिससे जनता और पार्षदों को परेशानी हो रही है। विधायक कोर्सेवाड़ा को निगम में फंड दिलाने का आग्रह किया। राम सूर्यवंशी ने बताया कि क्षेत्र की जनता को सुविधा नहीं मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### अलंकार मलेशियन चेस फेस्टिवल में चयनित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शतरंज निर्णायक अलंकार भिवगड़े का चयन मलेशियन चेस फेस्टिवल 2025 में बतौर निर्णायक) के रूप में हुआ है। वे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता दक्षिण-पूर्व एशिया का एक सबसे पुराना और सबसे बड़ा शतरंज उत्सव माना जाता है। यह आयोजन 12 से 21 सितंबर 2025 तक के एल गेटवे मॉल क्ुआलालंपुर में होगा। पिछले वर्ष लगभग 1,400 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जो फॉर्मेट की विविधता (क्लासिकल, रैपिड, ब्लिट्ज) और सभी आयु वर्गों व क्षमताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। भिवगड़े शतरंज के क्षेत्र में एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं फिडे प्रशिक्षक हैं। उन्होंने शतरंज के क्षेत्र में निर्णायक, प्रशिक्षक और आयोजक के रूप में लगातार कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है।

### महापौर अलका ने किया शिक्षकों का सम्मान



**दुर्ग।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को खालसा स्कूल में नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। बाघमार ने कहा कि शिक्षक छात्रों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और जब विद्यार्थी संस्कारवान बनते हैं, तभी समाज और देश उन्नति की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, रंजीता पाटिल मौजूद थे।

# हनुमान नगर वॉटर एटीएम फिर शुरू, 9 लाख से सभी सेंटरों का होगा मेंटेनेंस

**नगर निगम दुर्ग ने जारी किया टेंडर, जल्द ही वॉटर एटीएम से लोगों को मिलेगा 1 रुपए में तीन लीटर पानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोगों को सस्ता और सुलभ साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई वॉटर एटीएम योजना के अंतर्गत शहर में लगे 18 वाटर एटीएम में से सिर्फ एक हनुमान नगर का ही शुरू हो पाया है। जानकारी के मुताबिक तकनीकी खराबी के कारण यह बंद पड़ गया था, दो दिन पहले इसका मेंटेनेंस कर इसे पुनः शुरू किया गया है। वर्तमान में इस एटीएम से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है। 1 रुपए में तीन लीटर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा अन्य वाटर एटीएम का मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। इसके लिए निगम ने 9 लाख रुपए की निविदा जारी की है, इसके जरिए सभी खराब और बंद पड़े वाटर एटीएम का मेंटेनेंस किया जाएगा। बता दें कि शहर में करीब 18



वाटर एटीएम अलग-अलग जगहों पर लगे हैं। हर एक एटीएम पर निगम ने 9 से 10 लाख रुपए खर्च किया। पिछले लंबे समय से मेंटेनेंस के लिए फंड नहीं आने की वजह से कार्यएजेंसी ने भी ऑपरेट करना बंद कर दिया था। वर्तमान में निगम ने पुनः इस दिशा में प्रयास शुरू किया है। शहर में प्रमुख रूप से आदित्य नगर, हनुमान नगर, पटेल चौक, पद्मनाभपुर, बस स्टैंड, राजेंद्र पार्क सहित अन्य जगहों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। रखरखाव के अभाव में कई सेंटरों से उपकरण भी चोरी हो चुके हैं। बावजूद इसके लिए अब तक इन एटीएम को दोबारा शुरू करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई थी। अब इसके मेंटेनेंस को लेकर प्रयास शुरू किया गया है।

### जिले में लगाए एटीएम कबाड़

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2016 से 2018 के बीच शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर वाटर एटीएम लगाए गए हैं। जिला पंचायत कार्यालय परिसर में भी वाटर एटीएम लगाए गए थे। वर्तमान में ये सभी बंद पड़े हुए हैं। कुछ जगहों पर अब भी वाटर एटीएम की सुविधा शुरू है, लेकिन फिल्टर पानी के बजाए सार्वजनिक नलों से जोड़कर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे लेकर शिकायत भी हो चुकी है। बावजूद किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिन कार्य एजेंसियों ने इन वाटर एटीएम को लगाया, उनकी मियाद अवधि पूरी हो चुकी है। इस वजह से एजेंसी द्वारा भी इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।



### हनुमान नगर का वाटर एटीएम फिर शुरू

हनुमान नगर का वाटर एटीएम बंद नहीं हुआ है। पिछले दिनों तकनीकी कारणों से कुछ खराबी आई थी, जिसका मेंटेनेंस कराकर इसे पुन: शुरू किया गया है। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस वाटर एटीएम से लोगों को एक रुपए में 3 लीटर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**-अरुण सिंह,** पूर्व पार्षद वार्ड-21 नगर निगम दुर्ग

## प्रश्नकाल के लिए पार्षदों से मंगाए गए सवाल, विपक्षी पार्षदों ने सचिवालय में जमा कराए प्रश्न

# हंगामेदार होगी सामान्य सभा, विपक्ष की सत्तापक्ष को घेरने की तैयारी, गर्माएगा पानी, सफाई का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

*नगर पालिक निगम दुर्ग की सामान्य सभा बैठक 18 सितम्बर को होने जा रही है। एमआईसी बिल्डिंग में बनाए गए नए सभागार में बैठक होगी। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। विपक्ष के पार्षदों ने सत्तापक्ष को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बैठक हंगामेदार होने जा रही है। शहर सरकार गठन के बाद पहले बजट बैठक हुई। इसके बाद यह बैठक बुलाई गई है। बता दें कि नगर पालिक निगम एक्ट 1956 के मुताबिक प्रति दो महीने में सामान्य सभा की बैठक बुलाई जानी है, लेकिन दुर्ग निगम में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। परिषद के सभी 60 सदस्यों को बैठक का इंतजार है।*

इधर विपक्ष के पार्षदों की मानें तो शहर में सफाई, पेयजल की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अधिकारी सुन नहीं रहे हैं, महापौर और उनकी परिषद ध्यान नहीं दे रही है। इतना ही नहीं त्योहारी सीजन होने के बाद शहर के अधिकांश हिस्सों में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। एलईडी आने के बाद भी उनके वितरण में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण पिछले दिनों कांग्रेसी पार्षदों ने विद्युत कार्यालय को खुलने ही नहीं दिया।

इसके अलावा महापौर अल्का बाघमार के आदेशों की अनदेखी का भी मुद्दा उठते रहा है। निगम के दो प्रमुख ईई दिनेश नेताम और आरके जैन द्वारा लगातार फटकार के बाद भी नयापारा सड़क की फाइल उपलब्ध कराने में आनाकानी की। महापौर को उन्हें घंटों चेंबर में बैठाकर रखना पड़ा। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा की कार्यप्रणाली को लेकर भी पार्षद खासे नाराज है। सफाई के नाम पर पूरे शहर में खानापूर्ति हो रही है। धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर को अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड बना दिया गया है।

पेयजल और गड्ढों वाली सड़कों को लेकर पिछले दिनों कांग्रेसी पार्षदों ने पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कलेक्टर अभिजीत सिंह से शिकायत भी की थी। इधर विपक्षी दल के पार्षदों ने सभापति श्याम शर्मा को ज्ञापन सौंपकर सामान्य सभा बुलाए जाने की मांग की थी। इस तरह लगातार दबाव के बाद अंततः सामान्य सभा तय की गई। इस वजह से सामान्य सभा के हंगामेदार होने की आशंका बनी हुई है।

### पार्षदों ने जमा कराए सवाल, 7 दिन पहले तय होगा एजेंडा

जानकारी के मुताबिक सोमवार को पार्षदों ने दो-दो प्रश्न जमा किए। सामान्य सभा में प्रश्नकाल के एक घंटे के समय में इसका जवाब देना होगा। इधर सामान्य सभा की तारीख तो तय कर दी गई है, लेकिन एजेंडा अब तक तय नहीं हो पाया है। नियमतः पार्षदों को 7 दिन पहले इसकी जानकारी भेजनी होती है। बता दें कि सामान्य सभा नहीं होने की वजह से बजट बैठक में स्वीकृति और संशोधित प्रस्तावों की पुष्टि तक नहीं हो पाई है। होने वाली बैठक में इसे भी रखा जाना है। जानकारी के मुताबिक सोमवार तक 20 से ज्यादा पार्षदों ने सवाल लगाए हैं। हालांकि कितने पार्षदों ने सवाल लगाए हैं, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है।




### बैठक काफी अहम, निर्दलीय पार्षदों को साधने में जुटा सत्तापक्ष

सूत्रों के अनुसार इस बार निगम की सभा राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम मानी जा रही है। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक दोनों ही खेमे जल निकासी, सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्यों के टेंडर और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं जैसे मुद्दों पर निगम अधिकारियों को घेरने की रणनीति बना रहे हैं। माना जा रहा है कि आगामी बैठक में अधिकारियों पर खासा दबाव देखने को मिलेगा। नगर निगम सूत्रों का कहना है कि सत्ता पक्ष जहां विकास कार्यों की गति पर सवाल उठाएगा, वहीं विपक्ष निगम की नीतियों और टेंडरों की पारदर्शिता को लेकर आक्रामक तेवर अपना सकता है। इससे बैठक में तीखी नोकझोंक और गहन बहस होने की पूरी संभावना है।

### इन मुद्दों को लेकर बैठक में मचेगा बवाल, जानिए

शहर में लचर सफाई व्यवस्था को लेकर लगभग सभी वार्डों के पार्षद परेशान हैं। पिछले दिनों सफाई को लेकर शिकायत भी हुई। साथ ही मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत एसएलआरएम सेंटरों के मेंटेनेंस और अन्य कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए शासन ने 16.29 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की। पेयजल के लिए 6.50 करोड़ के कामों को स्वीकृति दी गई है। इन प्रस्तावों को सामान्य सभा से मंजूरी के लिए रखा जाना है। आगामी दिनों में सामान्य सभा बैठक को लेकर महापौर परिषद की बैठक भी होनी है। इधर विपक्ष ने भी शहर से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा शुरू कर दी है। सत्तापक्ष को घेरने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

### जनता बेहाल, अफसर मस्त

शहर में मूलभूत सुविधाएं तक जनता को नहीं मिल पा रहा है। जनता बेहाल है। पानी और सफाई बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा शहर के एक बड़े हिस्से में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। महापौर और उनकी टीम सिर्फ वाहवाही बटोरने की कोशिश कर रही हैं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। जल्द ही कांग्रेस दल की बैठक होगी, जिसमें सामान्य सभा को लेकर चर्चा की जाएगी।

**-संजय कोहले,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

## बीएसपी कर्मियों को बीआईटी में छूट देने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग स्थित बीआईटी कॉलेज में एडमिशन को लेकर बीएसपी कर्मियों को छूट देने की मांग उठी है। जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के सचिव रविशंकर सिंह ने कहा कि भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.आई.टी.) दुर्ग भिलाई स्टील प्लांट की जमीन पर बना है। उन्होंने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज को इस संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा कि बीआईटी ट्रस्ट में कई अनियमितताएं है। उन सभी की जांच की जानकारी उन्होंने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज मांगी है। रविशंकर का कहना है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल रिसाली सहित भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमि पर लीज के माध्यम से काबिज दूसरे शिक्षण संस्थान बीएसपी कर्मियों को फीस मे छूट देते हैं, लेकिन बीआईटी दुर्ग ऐसा नहीं कर रहा है। बीआईटी ने केवल बीएसपी के मुखिया को ट्रस्ट का पदेन सदस्य बनाकर झुनझुना थमा दिया है। उसने बड़ी चतुराई से बीएसपी कर्मियों का हक मार रहा है। उन्होंने जानकारी मांग कि बीएसपी कर्मियों की संतानों को भी बीआईटी में छूट प्रदान क्यों नहीं की जा रही है। इसके साथ ही पिछले कुछ सालों से ट्रस्ट संचालन में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। ट्रस्ट के आयुक्त स्वयं कलेक्टर दुर्ग हैं और मुख्य ट्रस्टी में भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज हैं। इसके बाद भी पिछले कई सालों से ट्रस्ट की नियमित बैठक क्यों नहीं की जा रही है। ट्रस्ट को महज दो व्यक्तियों द्वारा फोन अथवा निजी चर्चा के माध्यम से संचालन किया जा रहा है, जो कि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की दृष्टि से अत्यंत चिंताजनक है। राज्य शासन के समस्त विभागों में सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष निर्धारित है, उच्च शिक्षा विभाग एवं सहकारिता विभाग में भी शासन के निर्देशों के अनुसार सेवानिवृत्ति 62 वर्ष में की जाती है, यूजीसी (UGC) के अधीन आने वाले शिक्षकों हेतु यह आयु 65 वर्ष है, एआईसीटीई की अधिसूचना के अनुसार सभी संबद्ध निजी तकनीकी संस्थानों हेतु भी यही मानक लागू हैं। तो फिर बीआईटी में इस नियम का पालन क्यों नहीं हो रहा है। यहां 60 वर्ष की आयु पूरी होते ही वरिष्ठ प्राध्यापकों पर अनैतिक दबाव बनाकर उनसे सेवानिवृत्ति का आवेदन लिखवाया जाता है, जिससे योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों को समय पूर्व संस्थान से बाहर किया जा रहा है।

# पाइप लाइन में लीकेज, 6 वार्डों में आज शाम नहीं खुलेंगे नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के 6 वार्डों 49, 50, 51, 52, न्यू आदर्श नगर वार्ड 53 और पोटिया वार्ड 54 में 9 सितंबर को पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। शाम के समय इन क्षेत्रों के करीब 10 हजार घरों में नल नहीं खुलेंगे। इस दौरान बोरसी व पोटिया वार्ड की पानी टंकियों को जोड़ने वाले 600 एमएम डाया की राइजिंग पाइप लाइन में आए लीकेज का मेंटेनेंस किया जाएगा। 9 सितंबर को सुबह वाटर सप्लाई होगी। इसके बाद वृहत रूप से रिपेयर कार्य किया जाएगा। 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से पानी



सप्लाई रोक दी जाएगी। बोरसी पोटिया क्षेत्र के लीकेज मरम्मत कार्य समाप्त होते ही उक्त क्षेत्र में कार्य संपादित की जाएंगे। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल और प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अधिकारियों से मरम्मत की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े, इसलिए कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। साथ ही प्रभावित क्षेत्र में आवश्यकतानुसार टैंकर के माध्यम पानी सप्लाई करे उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मंगलवार को बोरसी पानी टंकी वार्ड 49, 50, 51, 52, पोटिया पानी टंकी वार्ड न्यू आदर्श नगर वार्ड 53 ओर पोटिया वार्ड 54 से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 10 सितंबर को पानी सप्लाई व्यवस्था समान्य होने की जानकारी दी गई है।

### मृतकों के परिजनों को 20 लाख की सहायता

**दुर्ग।** दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम भेड़सर निवासी सियाराम देशमुख विगत 22 सितंबर 2024 को नदी में बह जाने के बाद 23 सितंबर को मृत मिले थे। राजीव नगर दुर्ग निवासी लक्ष्मीनारायण महार की 15 अगस्त 2024 को मठपारा के कुएं में डुबने से मृत्यु हो गयी थी। विजय चौक स्टेशन मरोदा निवासी चन्द्रकिरण चन्द्रवंशी की कपड़ों में आग लगने से 24 नवंबर को मृत्यु हो गई थी। ग्राम गिरहोला निवासी बालक प्रीतम कुमार की 18 फरवरी 2024 को खेलते हुए कुएं में गिर से और मिलन चौक ग्राम जोरातराई निवासी रूपा दीप की विगत 04 सितंबर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हुई थी।

# बेसहरा परिवार को मिला सर्व समाज कल्याण समिति का सहारा, कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिता की मौत के बाद बेसहारा हो चुके पैरालिसिस पीड़ित भाइयों को युवा समाज सेवी और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने सहारा दिया है।

उन्होंने भूखे भाइयों को खाना खिलाया और उनके इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है। इंदरजीत सिंह उर्फ छोटी ने हरिभूमि को बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हाउसिंग बोर्ड कोहका में रहने नवदीप सिंह (30 वर्ष) पैरालिसिस से पीड़ित है। उसका बड़ा भाई जसदीप सिंह (32 वर्ष) की पूरी बॉडी में कंपन होने से वो कुछ काम



- जर्जर हो चुके घर की मरम्मत कराएगी समिति

नहीं कर पाता है। घर में उनका पालन पोषण कनरे वाले अकेले उनके पिता थे, जिनका स्वर्गवास हो गया है। पिता का साया छिन जाने के बाद से दोनों भाई भूखे और बिना इलाज के मरने के कगार पर थे। जानकारी मिलते ही इंदरजीत उनके घर पहुंचे। उनकी दयनीय हालत देख वो काफी दुखी हुए। उन्होंने सबसे पहले होटल से अच्छा खाना मंगाया और दोनों भाइयों को बैठाकर खिलाया। इंदरजीत ने कहा कि वो उनके जरजर हो चुके घर की मरम्मत और पुताई करवाएंगे। साथ ही दोनो भाइयों के इलाज का पूरा खर्च उनकी समिति उठाएगी। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों से कहा कि हर महीने दोनों भाइयों के घर में राशन पहुंचाने का काम भी किया जाए।

# जैन समाज ने की सामूहिक क्षमा याचना, तपस्वियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व के अंतर्गत सोमवार को सामूहिक क्षमा याचना की गई। तपस्वियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए।

- त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में मिलन समारोह का आयोजन

दस लक्षण और पर्यूषण पर्व के समापन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को रात करीब 9 बजे आचार्य 108 विद्यासागर महाराज और विशुद्ध सागर महाराज के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन करते हुए पार्श्वनाथ दिगंबर जैन महासभा, जैन मिलन जैन ट्रस्ट के सदस्यों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने जय



जिनेंद्र करते हुए सामूहिक क्षमा याचना की। सैकड़ो की संख्या में आज पुरुष महिलाएं भगवान को नमन करते हुए जिनेंद्र भगवान से प्रार्थना की कि पर्यूषण पर्व पर के अवसर पर जाने अनजाने में यदि पूजन आराधना अभिषेक विधान पूजन करते हुए समय कोई गलती हो तो माफ करें। सभी तपस्वी और उपवास कर्ताओं का पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सभा द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। समाज



के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि भिलाई के सभी जैन मंदिर के प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य त्रिवेणी जैन तीर्थ में आपस में क्षमा याचना की। इस अवसर पर मंच संचालन अध्यक्ष प्रशांत जैन, मंत्री सोमेश बाकलीवाल ने किया।

**कलेक्टर ने लोगों की सुनी शिकायत, 80 से ज्यादा आवेदन आए**

# चंगोरी स्वास्थ्य केंद्र जर्जर, जनदर्शन में मिली शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 80 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्रीन चौक दुर्ग निवासी ने भवन मरम्मत के लिए मदिरा दुकान खाली कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनके भवन में पिछले 4 वर्षों से सरकारी फुटकर मदिरा दुकान संचालित है। भवन जर्जर हो जाने के कारण उसकी मरम्मत कराना आवश्यक है। मरम्मत कराकर वहां स्वयं का दुकान संचालित करना चाहती है। साथ ही उक्त मदिरा दुकान संचालक द्वारा अप्रैल से अब तक किराया भी प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने आबकारी विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### स्वास्थ्य केंद्र की छत जर्जर नहीं हो रहा मेंटेनेंस

ग्राम पंचायत चंगोरी के सरपंच ने उप स्वास्थ्य केन्द्र चंगोरी की छत मरम्मत कराने के लिए आवेदन दिया। ग्राम पंचायत चंगोरी स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र की छत जर्जर हो चुकी है और लगातार प्लास्टर गिरने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्वास्थ्य केन्द्र ने मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को आवेदन दिया है। चंगोरी ग्रामवासियों ने शीघ्र कार्यवाही कर छत की मरम्मत कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### हुडको में पेड़ों की अवैध कटाई, शिकायत

भिलाई रहवासियों ने हुडको कालीबाड़ी परिसर की सरकारी जमीन पर पेड़ों की अवैध कटाई की शिकायत की। उन्होंने बताया कि हुडको कालीबाड़ी परिसर और उसके सामने स्थित शासकीय भूमि पर कुछ पदाधिकारियों द्वारा लगभग 40 साल पुराने फलदार व अन्य वृक्षों की अवैध कटाई करते हैं। यह वृक्ष स्थानीय रहवासियों द्वारा वर्षों पहले लगाया गया था। हर साल नवरात्रि के दौरान पेड़ों की अवैध कटाई कर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जाती है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### खपरी में जमीन के ऑनलाइन रिकार्ड में गड़बड़ी

ग्राम खपरी धमधा निवासी ने ऑनलाईन भूमि रिकार्ड में सुधार करवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भूमि रिकार्ड में खसरा नंबरों को ऑनलाईन करने के समय उनकी 0.96 हे. कृषि भूमि को त्रुटिपूर्वक ऑनलाइन रिकॉर्ड में 0.46 हे. दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण उसे परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में तहसील व एसडीएम कार्यालय में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन दिया गया है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार धमधा को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# शिक्षक और कलाकार समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : ललित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिसामा में आयोजित डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन कला एवं शिक्षक सम्मान समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यारोपण कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में कला जगत के प्रतिष्ठित लोक कलाकारों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर अपने संबोधन में ने कहा कि शिक्षक और कलाकार समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आगे श्री चंद्राकर ने जीवन में सबसे बड़ा किसी का स्थान है तो वो गुरु का ही है माता-पिता के स्थान के बाद गुरु का स्थान सर्वोच्च है शिक्षक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है सभी पालक गणों से निवेदन करता हूं कि अपने बच्चे को उत्तम संस्कार प्रदान करे। आप सभी के सहयोग से भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है इस अवसर पर दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को कहा कड़ी मेहनत के बल पर सभी मुकाम हालिस कर सकते हो। गुरुजन बच्चे को जो बनना चाहते है वो बना सकता है, गुरु सदैव पूज्यनीय है।

## कला एवं शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर





### ये हुए सम्मानित

लोक कला सम्मान पद्मश्री ममता चन्द्राकर वरिष्ठ लोकगायिका, प्रेम चन्द्राकर छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता निर्देशक , मोना सेन , कविता वासनिक वरिष्ठ लोकगायिका राजनांदगांव, पद्मश्री राधेश्याम बारले ख्याति प्राप्त पंथी कलाकार भिलाई, महादेव हिरवानी लोकगायक कन्हारपुरी राजनांदगांव, चम्पा निषाद लोकगायिका रायपुर, खुमेश मानिकपुरी लोकगायक बालोद, उत्तरा साहू लोकगायिका बालोद, कुमार पाल रामायण व्याख्याकार रिसामा, ग्रामीण जन को विशेष सम्मान खोरबाहरा गुप्ता पुत्र सत्यनारायण गुप्ता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, बुधार पाल समाजसेवी रिसामा, राकेश पुरी गोस्वामी समाजसेवी, डिलेश्वर उमरे समाजसेवी, पुरुषोत्तम ठाकुर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, पुनाराम साहू गायत्री परिवार एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, शिक्षकगण सम्मान शंभु चंद्राकर अनिता साहू, गौकरण दत्त तिवारी, यशोदा साहू, मधु देवांगन, सलमा बेगम, चंद्रप्रभा राम टेके, डिलेश्वरी हरिवंश, नारायणी सिन्हा, शिवम दीक्षित, अशोक कुमार रिगरी, धनेश्वर प्रसाद चंद्राकर, टेकेश्वर लाल सोनकर, संतोष कुमार चंद्राकर, देवनारायण साहू, सुरेश कुमार ठाकुर, मोरध्वज चंद्राकर, पूर्णानंद साहू, वेदव्यास साहू, लक्ष्मी यादव, अनिल कुमार साहू, टेकूराम साहू, जागेश्वर प्रसाद, मुकेश देशमुख आदि को सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री डीलेश गब्बर साहू, सेवा सहकारी समिति अंडा अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष निकुम भैया लाल साहू, राजू लाल चंद्राकर, पद्म श्री राधे श्याम बारले, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, राजू लाल नेताम, मनोज गोलू चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, सरपंच रोशन लाल साहू, उपसरपंच मन्नू लाल साहू, डॉ रामदास हिरवानी, लीलाधर साहू, कमलेश साहू, योगेश बंजारे, लेखूदास साहू, विकास धनकर, महामंत्री चंदू देवांगन, सुरेश धीवर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



**भगवान गणेश का विसर्जन**

**उतई।** उतई के बंजारी पारा वार्ड 10 निवासी बिसाल राम साहू ने अपने घर में गणपति का विसर्जन करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## निधन

**वीरेंद्र दयाराम गाडलिंगे**

**भिलाई।** एलआईजी 2670 हाउसिंग बोर्ड वार्ड नं 16 इंडस्ट्रियल एरिया एस्टेट भिलाई निवासी वीरेंद्र दयाराम गाडलिंगे उम्र 60 वर्ष का आकस्मिक निधन 7 सितंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 सितंबर को निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकली। वे साहिल गाडलिंगे के पिता, नंदा गाडलिंगे के पति और यतेंद्र गाडलिंगे और सुनील गाडलिंगे के बड़े भाई थे।



**जगजीत सिंह सैंडो**

**भिलाई।** क्वार्टर क्रं.- 3-बी, सड़क 33, सेक्टर-10 निवासी सरदार जगजीत सिंह सैंडो का 8 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 सितम्बर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अमर पाल व रौनक सैंडो के पिता थे।



**दिक्कत : नई सरकार की गौधाम योजना फिलहाल कागजों पर ही चल रही**

# सड़कों पर बैठे मवेशियों से हो रहे हैं हादसे, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

ग्रामीण अंचल में सैकड़ों घुमंतू मवेशी हैं, लेकिन इनके नियंत्रण व सुरक्षित आश्रय को लेकर न तो प्रशासन गंभीर है और न ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधि। गांव में गौठान बना है लेकिन अब बंद है वहीं नए गौठान खोलने के साथ नई सरकार की गौधाम योजना फिलहाल कागजों पर ही चल रही है। फिर भी अधिकतर मवेशी अब भी सड़कों पर घूम रहे हैं। ग्रामीण अंचल से लेकर मुख्य सड़कों सहित आम रास्तों पर इन दिनों मवेशियों का भारी जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा हमेशा बना रहता है। पूर्व में भी कई जगहों पर आवारा मवेशियों के झुंडों के सड़क पर बैठे रहने की वजह से कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी है। क्षेत्र में दुर्ग से अंडा, दुर्ग हनोदा बोरसी, अंडा से निकुम मार्ग पर सहित ग्रामीण अंचल के सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए कड़ी चुनौती बन गया है। गांवों से लेकर शहर की मुख्य सड़कों आम रास्तों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**वाहन चालकों सहित राहगीरों को हो रही परेशानी**



### गांवों के गौठानों का विकल्प

पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार की योजना के तहत शहरों के साथ प्रत्येक गांव में गौठान बनाए गाए हैं। यहां मवेशियों के सुरक्षित आश्रय के लिए जरूरी सभी अधोसंरचनाएं मौजूद हैं। यहां विकल्प के रूप में शहर के मवेशी रखे जा सकते हैं लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। सड़कों पर घुमंतू मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की शिकायतें रहती है। खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में रखने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने अथवा अनुपयोगी होने पर पशुपालक मवेशियों को खुले में नियंत्रण व सुरक्षित आश्रय को लेकर न तो प्रशासन गंभीर है और न ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधिका रहता है।लेकिन क्षेत्र के विधायक न सांसद को कोई इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### गौधाम योजना का पता नहीं

प्रदेश की नई सरकार ने पूर्ववाती कांग्रेस सरकार की तरह गौठान की जगह मवेशियों के सुरक्षित आश्रय के लिए गौधाम योजना लागू करने का फैसला किया है, लेकिन यह योजना अभी धरातल पर नहीं उतर पाई है। इसके क्रियान्वयन में समय लग सकता हैं, लावारिस छोड़ देते हैं। जिससे ये मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं। इससे सड़क दुर्घटना होती है और सड़कों मवेशियों का जमघट लग जाता है। इससे हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए ऐसे मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित आश्रय में रखने का प्रावधान किया गया है, लेकिन क्षेत्र में गंभीरता से अमल नहीं हो रहा है। घुमंतू मवेशियों की ज्यादा संख्या और इन पर नियंत्रण की आवश्यकता को देखते हुए अस्थायी गौठान बनाकर काम चलाया जा सकता है लेकिन शासन प्रशासन इस विकल्प पर ध्यान नहीं दे रहा है। इससे काफी हद तक राहत मिल सकती है। वहीं शहर से गांव की ओर घुमंतु मवेशी इन दिनों भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं जो फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे गांव के किसानों की चिंता एवं समस्या बनी हुई है।

# विनायकपुर स्कूल में शिक्षक दिवस का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर मे बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट किया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें शिक्षकों की महत्ता और उनके योगदान को उजागर किया गया। बच्चों ने शिक्षकों के लिए सुंदर कार्ड और फूलों के गुलदस्ते तैयार किए। विभिन्न प्रस्तुतियों और नृत्य प्रदर्शनों एवं नारियल व पेन के माध्यम से शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

■ कार्यक्रम में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए भावपूर्ण भाषण दिए। शिक्षकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का यह सम्मान और प्रेम उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें अपने कार्य में और अधिक प्रेरित करता है। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों के महत्व को उजागर करना और उनके योगदान को पहचानना था। साथ ही प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत, व्याख्याता भातेंद्र गंगराले,सरस्वती उमरे एवं प्राधन पाठक टिकेन्द्र चंद्राकर से बच्चों ने पूछा की आपको शिक्षक बनने के किये किसने प्रोत्साहित किया एवं अभी तक क शिक्षक के सफर मे आपके खास पल कौन से है, गुरुजनों क द्वारा उनके इन प्रश्नों का सभी ने अपना अपना अनुभव साझा किया साथ मे प्राचार्य जी के द्वारा उनको शिक्षा का जीवन मे महत्व और उपयोगिता को बताया गया।इस कार्यक्रम मे शाला परिवार से रोहित देशमुख, देवश्री साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, उषा ठाकुर, प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर, नरेश गायकवाड, रामेश्वी रायते, भावना तिवारी, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, दीपमाला चंद्राकर, अंजू साहू, खिलेन्द्र यादव, शाला समिति अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे, रीतु व शाला परिवार के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे। विद्यार्थियों के द्वारा गुरुजनो के लिए किये गये कार्यक्रम की सराहना समस्त गुरुजनों ने किये।

# सराहनीय पहल : गौ सेवकों ने गाय बैलों के गले में बांधी रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी

बजरंग दल तथा नगर के उत्साही युवाओं ने नगर में मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित घूम रहे पशुओं गाय, बैल के गले में रेडियम पट्टी बांध कर आए दिन होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने की दिशा में सराहनीय पहल की। गौसेवकों ने स्टेशन चौक, अहिवारा मार्ग, महामाया मार्ग, काँजीहाउस परसदा मार्ग, गुरुद्वारा के समीप एवं नगरपालिका मार्ग में घूम रहे लगभग 350 पशुओं के गले मे यह रेडियम पट्टी बांधी। पार्षद प्रवीण राव ने बताया कि स्थानीय गौरक्षक हमेशा गौसेवा के लिए तत्पर रहते है, जिसके लिए लोगों का सहयोग भी मिलता है। नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने भी इस सदकार्य में अपनी भागीदारी निभाते हुए रेडियम पट्टी तथा पशुओं को फल एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाकर रेडियम पट्टी बांधा। पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि शीघ्र ही सड़कों पर घूमने वाले इन पशुओं के



देखरेख के कार्य हेतु पालिका द्वारा कुछ लोगों को नियुक्त किया जाएगा जो रास्ते मे चलने वाले पशुओं को रास्ते से हटाएंगे लेकिन यह हम सबकी भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गौसेवकों द्वारा यह अत्यंत सराहनीय कार्य किया जा रहा है, साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि गौ पालकों को भी अपने इन मूक पशुओं कि उचित देखभाल कर, रख रखाव की भी समुचित व्यवस्था बनायें इसके लिए पालिका प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जावेगा । उत्साहित गौ सेवकों में पार्षद आर. प्रवीण राव, सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव एवं अवधेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गौसेवकों ने गौमाता के गले मे रेडियम पट्टी बांधी।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल का पाटन में किया स्वागत

**पाटन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के पाटन आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही कार्यकर्ता उनके स्वागत की तैयारी में जुटे रहे और जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष का काफिला पाटन के रेस्ट हाउस में पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों और पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने टिकरिया का भव्य स्वागत किया। रानी बंछोर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश नेतृत्व का यह दौरा संगठन को नई ऊर्जा देने वाला है और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर, जनपद पंचायत पाटन उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, राज देवांगन, केवल देवांगन, बाबा वर्मा, विक्की बंछोर, शरद वर्मा, रोशन वर्मा मिलन देवांगन, विजय कांत बंछोर आदि उपस्थित थे।



# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी

स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से की गई । तत्पश्चात डॉ. राधाकृष्णन के चित्र को सादर नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों ने भी भावपूर्ण भाषण, कविताएँ और गीत प्रस्तुत किए. जिनमें डॉ.राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और शिक्षण-दर्शन का प्रभावशाली चित्रण हुआ।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.श्रीमती सोनिता सत्संगी ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन शिक्षा, संस्कार और मानवता का अनुपम उदाहरण है। उनके जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने के पीछे यही कारण है कि उन्होंने शिक्षा को समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त साधन माना। जब उनसे उनके जन्म दिवस पर बधाई दी गई तो उन्होंने कहा कि यदि आप वास्तव में मेरा सम्मान करना चाहते हैं तो इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएँ। यही परंपरा आज तक जारी है। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. राधाकृष्णन ने देश और समाज को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी हमें यह प्रेरणा देते हैं कि हम अपने जीवन में शिक्षा और संस्कारों को आत्मसात करें । शिक्षक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि यह हर दिन की प्रेरणा है। प्राचार्य महोदया ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से हुआ।

■ स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में मनाया शिक्षक दिवस





**अब अछोली में नहीं खुलेगी शराब दुकान, जारी निविदा को शासन ने किया निरस्त**

# किसान बंधु संगठन का आभार सम्मेलन, किया ग्रामीणों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

ब्लॉक के अछोली में शासन के द्वारा शराब दुकान खोलने का कार्य किया जा रहा था जो कि विगत 4 माह से किसान बंधु संगठन के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। अंततः विरोध प्रदर्शन का नतीजा भी किसानों की सच्ची मेहनत की तरह सही साबित हुआ। बीते दिनों पूर्व किसान बंधु संगठन द्वारा किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल के नेतृत्व में दुर्ग जिले कलेक्टर ऑफिस का घेराव किया गया था जिसमें कलेक्टर द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा, ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच एवं सचिव द्वारा दिए गए जांच रिपोर्ट और बयान के आधार पर साफ मौखिक आदेश दिया गया कि अछोली में शराब दुकान खोलने की निविदा जो शासन के द्वारा जारी की गई थी उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा चुका है निरस्तीकरण का प्रकाशन सार्वजनिक रूप से 1 माह के भीतर करे जाने की बात कही। वहीं प्रदर्शन में पहुंचे किसानों की खुशी दुगुनी हो गई और उन्होंने आज धमधा ब्लॉक के खैरझिटी में किसान बंधु संगठन और आस पास के 15 से 20 गांव के ग्रामीणजनों का अभिवादन किया सम्मान किया जो इस पूरे विरोध प्रदर्शन में सभी ने बढ़ चढ़ कर अपना योगदान दिया जिसके फल स्वरूप आज शराब दुकान नहीं खुलने से हजारों परिवार बर्बाद होने से बच जाएंगे जन जीवन अस्त व्यस्त होने से बच जाएगा। इस कार्यक्रम में आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन, ढालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल, नैन बाई सरपंच अछोली, सतीश सिन्हा, रुंगू वर्मा, राजेंद्र वर्मा,मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, देवेंद्र चंदेल, भवानी सिन्हा, दादू शर्मा, जयप्रकाश विश्वकर्मा, दुवासी चंदेल, सनत साहू परमेश्वर साहू, लेखराम वर्मा, तामेश्वर चंदेल, शोभा यादव, रूपेंद्र यादव, धनेश्वर वर्मा, दिग्विजय सिन्हा, गोलू नेताम, टेकलाल चंदेल, विश्राम वर्मा इत्यादि किसान व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



वही इस कार्यक्रम में पहुंचे सभी किसानों और किसान बंधु संगठन द्वारा क्षेत्र के किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल जिन्होंने इस पूरी न्याय की लड़ाई में अपनी बड़ी सहभागिता दिखाते हुए हमेश किसानों का और ग्रामीणजनों का सहयोग दिया। जिनका साल और श्री फल से सम्मान किया गया ।

किसानों ने श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा के अध्यक्ष निकेत ताम्रकार सहित सभी का किया आभार। वही इस पूरे मामले को शुरू से प्रशासन और आम जानो को प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचने वाले सभी धमधा ,जिला दुर्ग के पत्रकार साथियों का किसानों ने अभिवादन किया । साथ ही छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा द्वारा पूरे किसानों के विरोध प्रदर्शन को निष्पक्षता से प्रकाशन हेतु बहुत बहुत धन्यवाद दिया। वही संघ के अध्यक्ष निकेत ताम्रकार का साल श्री फल देकर अभिनंदन किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव (आर) के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509101700003**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
विषयः- अ-74 सनः-2024-2025
सुरपा प.ह.न. 00054 [1316(0.6900 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार- मधुलाल साहू, -अनावेदक पक्षकार छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सुरपा, प.ह.नं. 54, तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मधुलाल साहू आ. रोमसिंह, निवासी ग्राम ओदरागहन, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम-सुरपा, प.ह.नं.-54, तहसील- पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) स्थित आवेदित भूमि खसरा नं.-1316, रकबा 0.69 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम एवं स्वामित्व हक में दर्ज है। उक्त खाते की ऋण पुस्तिका दिनांक 28.01.2025 को ग्राम- ओदरागहन-निपानी रोड़ में गुम हो गई। खोज-बीन के पश्चात नहीं मिलने पर गुमशुदगी रिपोर्ट की सूचना थाना रानीतराई, तहसील - पाटन, जिला-दुर्ग में दर्ज कराई गई। उक्त खाते की ऋण पुस्तिका किसी बैंक संस्था, व्यक्ति के पास बतौर बंधक, गिरवी, रहन-गहन नहीं है। आवेदित खाते से खाद बीज दवाई, कृषि कार्य हेतु डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। उक्त खाते की द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका दिलाने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ खाते का बी 1 नकल, ऋण पुस्तिका की गुमशुदगी रिपोर्ट की प्रति, बैंक का नोड्यूज प्रमाण-पत्र, चालान की प्रति, शपथ पूर्वक बयान एवं अन्य दस्तावेज संलग्न किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। ग्राम एवं दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन हो। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23.09.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/09/2025 को जारी किया जाता है।

MAMTA TAWARI
**नायब तहसीलदार**
मुहर **जामगांव (आर), तह. पाटन, जिला-दुर्ग**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हेमलता देशलहरे पति श्री एस.एल. देशलहरे, निवासी-एल.आई.जी. 44, उमदा भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी.-44, उमदा भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। उक्त भवन दिनांक 25.02.2016 को फ्री होल्ड निष्पादन करा लिया गया है। आबंटी श्रीमती हेमलता देशलहरे ने उक्त भवन को श्रीमती मीना देवी भट्ट पति श्री गौरीशंकर भट्ट के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती मीना देवी भट्ट ने बयनामा रजिस्ट्री कराकर उक्त भवन को मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज नही कराया गया है, आबंटी श्रीमती मीना देवी भट्ट की मृत्यु दिनांक 29.04.2024 को हो चुकी है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री संदीप कुमार भट्ट आ. स्व. गौरीशंकर भट्ट ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.-44, उमदा भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री संदीप कुमार भट्ट के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती मीना देवी भट्ट के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्री संदीप कुमार भट्ट के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 19.03.2025 को जारी किया गया।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
मुहर **प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

# अध्यक्ष सहित महासचिव और कोषाध्यक्ष के सभी नामांकन वैध

## ओए अध्यक्ष के लिए 3, महासचिव 5 व कोषाध्यक्ष के लिए दो दावेदारों के परचे वैलिड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव के लिए आज सोमवार को नामांकनों की जांच के बाद प्रमुख पदों के लिए दिलचस्प स्थिति बन गई है। अध्यक्ष सहित महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए के सभी दावेदारों के नामांकन वैध पाए गए हैं। जबकि जोनल प्रतिनिधि के लिए 4 सदस्यों के नामांकन अवैध घोषित किए गए। चुनाव समिति द्वारा स्कूटनी के बाद अब मंगलवार को देर शाम नामांकन वापसी उपरांत उम्मीदवारों की फायनल सूची घोषित कर दी जाएगी।

ओए चुनाव के लिए सोमवार को बीटीआई के कमरा नं. 13 के चुनाव कार्यालय में भारी गहमागहमी के बीच अब तक जमा नामांकनों की स्कूटनी हुई। रिटर्निंग आफिसर महाप्रबंधक जेएन ठाकुर, संदीप झा, विकास चंद्रा और असिस्टेंट मैनेजर सैफुद्दीन फैजली के निर्देशन में नामांकनों की छंटाई और जांच की प्रक्रिया देर शाम तक चली। इस दौरान सभी दावेदारों और समर्थकों में भारी बेचैनी व उत्सुकता देखी गई । जांच के बाद सीधे सदस्य धिकारियों द्वारा चुने जाने वाले तीनों प्रमुख पदों के दावेदारों के परचे सही पाए गए। ओए प्रेसिडेंट पद के लिए चार बार के अध्यक्ष रहे डीजीएम एनके बंछोर सहित डीजीएम मुकेश कुल्मी और आशीष गेंद्रे यानी तीनों दावेदारों के परचे सही पाए गए। महासचिव के लिए डीजीएम सुधीर बालचंदानी रामटेके, एजीएम अजय कुमार चौरसिया, तुसार सिंह टिकरिहा, विजय कुमार सैनी व अंकुर मिश्रा पांचों के नामांकन वैध हैं। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए सीनियर मैनेजर सौभाग्य रंजन साहू व एजीएम अभिषेक कोचर के परचे वैध हैं। जबकि जोनल प्रतिनिधि के लिए 4 सदस्य एजीएम गोवर्धन प्रसाद सैनी, संदीप कुमार बोरकर, सीनियर मैनेजर ऐमान अली और डीसीएमओ लोकनिधि वेंकट रत्नम का नामांकन अवैध पाया गया। जेडआर के लिए 66 नामांकन वैध हैं। कल मंगलवार को नाम वापसी की आखिरी तारीख है। इसके बाद चुनाव मैदान में प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो जाएगी।



### बीटीआई व ओए भवन में नाम वापसी

दावेदारों और रणनीतिकारों के लिए आज की रात और कल दिनभर भारी रहेगा। मंगलवार को नाम वापसी की आखिरी तारीख के बाद अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए कोहरा छंट जाएगा। चुनाव अधिकारी जेएन ठाकुर ने बताया कि मंगलवार को चुनाव कार्यालय बीटीआई के कक्ष 13 में शाम 6 बजे तक सदस्य प्रत्याशी इच्छानुसार नाम ले सकते हैं। इसके बाद शाम 6 से 7 बजे तक ओए बिल्डिंग प्रगति भवन में भी नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। इसके बाद फायनल सूची यहां चस्पा की जाएगी। स्कूटनी के बाद अध्यक्ष, जीएस व ट्रेचरक के लिए सभी नामांकन वैध पाए गए। सिर्फ जेडआर के 4 परचे इन्वेलिड पाए गए।

### आज होगी तस्वीर साफ

2389 अधिकारी सदस्यों में तीनों प्रमुख पदों के दावेदारों के मौजूदा परिदृश्य को लेकर भारी दिलचस्पी बनी हुई है। वर्क्स और नान वर्क्स एरिया में सबसे अधिक कौन किस अघोषित पैनल का प्रत्याशी है,इसे लेकर हो रही है। इसकी वजह 3 बार निर्वाचित और पिछली बार निर्विरोध अध्यक्ष बने एनके बंछोर के मुकाबले इस बार 2 अन्य दावेदार मुकेश कुल्मी व आशीष गेंद्रे ने भी परचा जमा किया है। इनमें लोकप्रिय बंछोर के मुकाबले कुल्मी हैं या मुकेश, सदस्यों में इस बात की बेचैनी है। इसी तरह 1 पद वाले महासचिव के लिए 5 दावेदारों में कौन समर्थक व कौन डमी या कौन स्वतंत्र है, इससे भी परदा कल नामांकन वापसी बाद हट जाएगा। सदस्यों में चर्चा है कि फिलहाल दो पैनल के टकराने की स्थिति बन रही है।

## खबर संक्षेप



### जेएलएन अस्पताल में सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जांच नौ को

**भिलाई।** जेएलएन अस्पताल सेक्टर 9 द्वारा बीएसपी सीएसआर के सहयोग से मिशन लक्ष्मी' नामक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 9 सितंबर को मानव संसाधन विभाग बीएसपी की महिला सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच और जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मिशन लक्ष्मी में हीमोग्लोबिन, रक्त शर्करा, पैप स्मीयर जैसी बुनियादी जांचों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग व सीएसआर के संयुक्त तत्वावधान में संचालित यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा व जागरुकता में योगदान दे रहा है। मिशन लक्ष्मी अब तक 16 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 1165 लाभार्थियों का पंजीकरण एवं परीक्षण किया गया है। इन शिविरों से आसपास की वंचित आबादी लाभान्वित हो रही है।

### टाउनशिप और प्लांट से जुड़ी कई समस्याएं हैं लंबित

# बीएसपी में मान्यता यूनियन नहीं होने की कीमत चुका रहे हजारों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में सालभर बाद भी कोई मान्यता यूनियन नहीं होने की कीमत हजारों कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है। नाम के लिए तो दर्जनभर श्रमिक संगठन हैं लेकिन प्रतिनिधि यूनियन का प्रबंधन पर यथोचित दबाव नहीं बन पाने के चलते कई लंबित समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है। कर्मियों ने जल्द चुनाव करवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि आईडी एक्ट के तहत हर दो साल में मान्यता यूनियन चुनाव होने का नियम है। सर्वाधिक सदस्यता वाली यानी चुनाव जीतने वाली यूनियन के पास लोकतांत्रिक व जनाधार की ताकत होती है। यह मान्यता यूनियन जब बीएसपी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर प्रबंधन से चर्चा करती है तो उसे प्रतिसाद मिलता है और समाधान के लिए प्रबंधन प्रयास करता है। लेकिन चुनाव नहीं होने से मान्यता यूनियन का वैक्यूम बना हुआ है, जिसके चलते टाउनशिप, प्लांट और वर्कर्स की प्रत्यक्ष व परोक्ष कई समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है। भिलाई इस्पात मजदूर संघ पिछली बार चुनाव जीतकर मान्यता में आई थी,जिसका कार्यकाल 22 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। इसके बाद चुनाव नहीं होने से कई समस्याओं के लंबित होने से कर्मियों को परेशान होना पड़ रहा है।

## जनाधार की ताकत नहीं होने से प्रबंधन पर नहीं बन रहा दबाव




### आश्वासन मिलता है निदान नहीं

नाम के लिए तो बीएसपी से जुड़ी केंद्रीय यानी एनजेसीएस व स्थानीय 12 यूनियनें हैं। इनमें इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस व बीएमएस और एक्टू केंद्रीय यूनियनें हैं। जबकि स्टील वर्कर्स यूनियन, बीडब्ल्यूयू, लोईमू, इस्पात श्रमिक मंच, बीएकेएस और भिलाई कर्मचारी यूनियन लोकल श्रमिक संगठन हैं। इनमें अधिकतर यूनियनें कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर गाहे बगाहे टाउनशिप प्रमुख सीजीएम और विभागीय कार्यपालक निदेशकों से मिलकर समाधान की मांग करती हैं। आश्वासन भी मिलता है लेकिन निदान नहीं के बराबर होता है। कर्मियों के मुताबिक मान्यता यूनियन नहीं होने का लाभ प्रबंधन को मिल रहा है और वह आश्वासन के नाम पर पल्ला झड़ता रहता है। यह सिर्फ रस्मदायकी होती है। समाधान के लिए कर्मचारी हित मे जल्द चुनाव जरुरी है। जबकि अधिकतर यूनियनें चुनाव के पहले लंबित सेल वेतन समझौता की विसंगतियों व 39 माह के एरियर्स भुगतान की मांग कर रही हैं।

### वर्क्स व नान वर्क्स एरिया में कई समस्याएं

टाउनशिप और प्लांट सहित कर्मियों से जुड़ी कई समस्याएं सालभर से काई की तरह जमी हुई हैं। इससे हजारों कर्मियों को परेशानी और नुकसानी हो रही है। कर्मचारियों का वेतन समझौता 8 साल से अपूर्ण व 39 माह का एरियर्स लंबित है। प्रमोशन पालिसी, एलएलटीसी में विसंगति, टाउनशिप में पेयजल, आवासीय, सेक्टर नौ हास्पिटल यानी मेडिकल से जुड़ी कई समस्याएं, सफाई, आवारा मवेशियों व कुत्तों से गंदगी व डाग बाइट, मेंटनेंस, पेयजल, आवासों में सीपेज, बिजली गुल होने, ट्रैफिक आदि कई मुद्दे लंबित हैं। इसके अलावा प्लांट के अंदर कई सड़कें जर्जर, कैंटीन में सुविधाओं की कमी, सुरक्षा, तीनों गेट में इंट्री की परेशानी, बायोमेट्रिक तकनीकी समस्या,मेन पावर कम होने से वर्क लोड आदि अनेक समस्याओं से बीएसपी कर्मचारी रहवासियों को परेशान होना पड़ रहा है।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं : डॉ. सरोज पांडेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भिलाई-चरोदा में हुआ शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान

नव सृजन संस्था भिलाई-चरोदा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सेजस ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथी भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुश्री सरोज पांडेय थी। अध्यक्षता विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा.ने किया। विशिष्ट अतिथी में प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, बालोद अध्यक्ष भाजपा चेमन देशमुख, भाजपा अल्पसंख्यक महामंत्री मो. शाहिद खान,महामंत्री भाजपा भिलाई प्रेमलाल साहू, विजेंद्र सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, मंत्री विजय जायसवाल, चरोदा मंडल अध्यक्ष ए. गौरी शंकर और नव सृजन संस्था भिलाई-चरोदा अध्यक्ष सुशील यादव ने मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, भारत माता, डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरु हुआ। कु. दीपिका वर्मा ने स्वागत नृत्य गीत पेश किया। इस दौरान डॉ सुश्री सरोज पांडेय ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता कहते हुए कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हो शिक्षक हमेशा छात्र-छात्राओ के मानसिक, बौद्धिक एवं अनुशासन स्तर को ऊपर उठाने का कार्य करते है। विधायक कोर्सेवाडा ने भी कहा कि शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ-साथ संघर्ष व अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं। पुरुषोत्तम देवांगन ने शिक्षकों को समाज में जागरुकता लाने वाला बताया। कार्यक्रम का संयोजन प्रेम लाल साहू व संचालन हमीद अहमद शाह ने किया।

### इन्हें किया गया सम्मानित

समारोह में भिलाई चरोदा क्षेत्र के स्कूलों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राम कुमार वर्मा, दयादास साहू, नरोत्तम साहू, प्रशांत अकांत, कमलेश जोशी, अजय पाठक, रंजना सोनी, कल्पना बाला , नर्मदा जोसेफ, सारिका चौहान, सुजाता डोंगरे, प्रदीप वर्मा, शिवा पटनायक, मनीषा ठाकुर, राजेश्वरी साहू, विनिता शिंदे समेत 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं को श्रीफल, शाल, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ठेका श्रमिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में मानव संसाधन विकास भवन में सुरक्षा नाट्य कार्यक्रम हुआ। ठेका मजदूरों को जागरुक किया गया। श्रमिकों ने नाट्य और कविता गायन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सीजीएम व जीएम सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि सजगता और सतर्कता से कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। संयंत्र की प्रथम पंक्ति पर कार्यरत ठेका श्रमिकों के सहयोग, जागरूकता और जिम्मेदारी से ही सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित होगी। ईडी राकेश कुमार ने संयंत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर कहा कि थोड़ा समय बचाने के लिए की गई जल्दबाजी न केवल दुर्घटना का कारण बनती है, बल्कि संयंत्र और संबंधित व्यक्ति दोनों के लिए गंभीर नुकसान का कारण बन सकती है। कार्यस्थल पर सुरक्षा को प्राथमिकता दें।



- एचआर विभाग मे सुरक्षा नाट्य कार्यक्रम

ठेका श्रमिकों ने इस नाट्य प्रस्तुति में भाग लिया। पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन की टीम ने ऊंचाई पर कार्य में खतरों पर और कोक ओवन की टीम ने कन्वेयर बेल्ट सुरक्षा पर नाटिका का मंचन किया। मर्चेंट मिल के मुरलीधर और पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन के सुलेमान खान व मर्चेंट मिल के श्रमिकों ने सुरक्षा गीत प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल ने सम्मानित किया । कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी एसके सुनोव व संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया।

## रामलीला ने किया भावविभोर...



**भिलाई।** धर्म प्रचारक राम लीला रामायण मंडल प्रयागराज द्वारा आज सोमवार को पांचवें दिन सीताहरण प्रसंग का आकर्षक मंचन किया गया। धार्मिक माहौल में कलाकारों ने अपने प्रभावी अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सुपेला चौक चिंगरीपारा दुर्गा मंच में आयोजित नौ आयोजित 9 दिवसीय रामलीला का मंचन देर रात तक किया गया। कथा व्यास रामसुमेर सिंह के हारमोनियम वादन के सुरमयी दोहों चौपाई के बीच राजन ने सीता व चंद्रबलि ने रावण का किरदार निभाया। विकास राम बने और संतोष पांडे, संजय पांडे, आदर्श आदि कलाकारों ने भूमिका निभाई। बबलू सिंजू आदि ने वाद्य यंत्रों पर संगत की। सीता हरण बाद आरती के साथ लीला का समापन हुआ।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद करने 25 सेवादारों का जत्था जाएगा पंजाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पंजाब राज्य में आई भीषण बाढ़ से जो लोगों को छति हुई है उसको देखते हुए गुरु नानक नगर गुरुद्वारे में सिख समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अलग अलग समाज के लोगों ने यह कहा कि वो लोग बाढ़ पीड़ितों की सेवा के लिए पंजाब रिलीफ फंड के अंतर्गत सहायता जुटाने और सेवा कार्यों का समन्वय करने का काम करेंगे।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो भी फंड एकत्र होगा, उसे बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत कार्य के लिए भेजा जाएगा। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि भिलाई से 25 सेवादारों का जत्था पंजाब भेजा जाएगा, जो बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में सेवा कार्यों में अपना योगदान देगा। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सेवा, सहयोग और मानवता ही सबसे बड़ी ताकत है। यूथ सिख सेवा समिति हमेशा समाज के साथ खड़ी रही है और इस कठिन समय में हर संभव मदद प्रदान करेगी। यह सेवा कार्य समाज में भाईचारा, करुणा और समर्पण की भावना को और मजबूत करेगा। सभी धर्मावलंबियों और समाजसेवियों से अपील की गई कि वे इस राहत कार्य में बढ़-चढ़ कर सहयोग करें। बैठक में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा, सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल, यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह 'छोटू', कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह सहित भिलाई के सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान साहब तथा अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्यघर योजना की स्टेट सब्सिडी हिग्राहियों के खाते में अंतरित

# हरित ऊर्जायुक्त सर्वाधिक विद्युत उत्पादन वाला राज्य बनेगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 618 हितग्राहियों को सब्सिडी की राशि दी। उन्होंने सिर्फ एक बटन दबाकर स्टेट सब्सिडी की राशि 1.85 करोड़ रुपए उनके बैंक खातों में अंतरित की। इसमें दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के 110 उपभोक्ताओं को लाभ मिला है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ के किसान और आम बिजली उपभोक्ता सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादक बन रहे हैं। 2027 तक छत्तीसगढ़ के छह लाख घरों में सोलर रूफटाप संयंत्र लगाने का लक्ष्य है, जब समय पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार के लिए सूर्यरथ को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया।

- सूर्य घर व कुसुम योजना के हितग्राहियों को किया सम्मानित






कार्यक्रम में पीएम सूर्य घर व पीएम कुसुम के योजना के उन लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने अपने घर की छतों पर और खेतों में सोलर रूपटाफ प्लांट लगाकर बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया है। उन्हें राज्य की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी के रूप में प्रति व्यक्ति 1 से 3 केवी तक के लिए 15 से 30 हजार रुपए की राशि दी गई। इसके साथ ही पीएम कुसुम योजना के लाभार्थी किसानों को लेटर आफ अवार्ड प्रदान किया गया। सौर ऊर्जा लगाने वाले वेंडरों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पार्षद आशु चंद्रवंशी सहित ऊर्जा सचिव व पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव, क्रेडा के सीईओ राजेश कुमार राणा, पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशकगण भीमसिंह कंवर (वितरण), एसके कटियार (उत्पादन), राजेश कुमार शुक्ला (पारेषण), निदेशक आरए पाठक और नेशनल सोलर एनर्जी फाउंडेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुमन कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।



रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



मेडिकल कैंप में होम्योपैथी और एलोपैथी विशेषज्ञों ने की जांच

लाइव इवेंट

## गायन, टैलेंट शो, मटका फोड़ में बच्चों और बड़ों ने दिखाई प्रतिभा



**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक में गणेशोत्सव के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर हर्षोल्लास, धूमधड़ाके और आतिशबाजी के बीच विसर्जन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कॉलोनी के मुख्य मार्गों से होते हुए शाम को नेवई डैम पहुंची जहां गणपति की प्रतिमा विसर्जित की गई, मुख्य प्रतिमा के साथ-साथ घरों में स्थापित छोटी छोटी प्रतिमाओं को भी जलमग्न किया गया।

- सरप्राइज गेम, अंत्याक्षरी व हाउजी में जीते इनाम

इस विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए भक्ति संगीत और छत्तीसगढ़ी व हिंदी फिल्मी गानों की धुन पर भावविभोर होकर जमकर नृत्य किया। विदाई के समय वक्रतुंड की एक झलक पाने के लिए सारी तालपुरी उमड़ पड़ी।

क्लब हाउस में प्रतिष्ठित गणपति प्रतिमा की विदाई से पहले पंडित अरुण शुक्ला ने विधिविधान से उत्तर पूजा की और उसके बाद गणपति की विदाई यात्रा निकाली गई। तालपुरी गणेशोत्सव समिति की देखरेख में ग्यारह दिनों तक चले इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ, विभिन्न प्रतियोगिताएं और मनोरंजक गतिविधियां भी रखी गईं। जिनमें प्रमुख रूप से गायन, टैलेंट शो, मटका फोड़, बच्चों और दंपतियों के लिए दमशराज, सरप्राइज गैम, हिंदी शब्दों की सही वर्तनी लिखना, अंत्याक्षरी, हाउजी, इमोजी देखकर गाने का मुखड़ा बताना, मनोरंजक और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी, गीत-संगीत, डांस शामिल हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों तथा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ-साथ पूजोत्सव के सफल आयोजन में अहम योगदान देने वाले व्यक्तियों का स्मृति चिह्न देकर सम्मान भी किया गया। उत्सव में विधायक ललित चंद्राकर कॉलोनी पहुंचकर गणपति के दरबार में माथा भी टेका। गणेशोत्सव में एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, असीम सिंह, पार्षद सविता ढवस, महिला समिति की अध्यक्ष रेखा सिंह, कीर्तिलता वर्मा, ओपी मिश्रा, जे मनहरण, महेश विश्वकर्मा, अरुण कुमार, हरीश बैतुले, किरण बघेल व्यवस्था में लगे रहे।



सिटी इवेंट

## छत्तीसगढ़ी नृत्य पान वाला बाबू के साथ राजस्थानी घूमर नृत्य ने बांधा समां



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में महिलाओं के लिए तीज मिलन का रंगारंग आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित तीज क्वीन स्पर्धा में विनीता दिनेश देवांगन को तीज क्वीन 2025 का खिताब दिया गया। विनीता सुनील देवांगन द्वितीय एवं तनुजा देवांगन तृतीय स्थान पर रही। समारोह के आरंभ में संयोजिका सुमन देवांगन ने महिलाओं को तीज पर्व की बधाई देते हुए कहा कि तीज मिलन समारोह न केवल उमंग और उल्लास का पर्व है बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक सौहार्द्र और महिला शक्ति का प्रतीक है। सामाजिक तीज मिलन समारोह के आयोजन से आपस में प्रेम एवं सद्भावना बढ़ती है। साथ ही महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। तीज मिलन में छत्तीसगढ़ी नृत्य पानवाला बाबू के साथ राजस्थानी घूमर नृत्य ने समां बांधा। मीनाक्षी देवांगन के संयोजन में 11 महिलाओं द्वारा 11 प्रदेश के नृत्यों को भी आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने खूब वाहवाही बटोरी। लक्ष्मी देवांगन, कामना देवांगन, तनूजा देवांगन ने आकर्षक राजस्थानी घूमर नृत्य प्रस्तुत किया। एकल नृत्य में डॉ. लता देवांगन, चंचल देवांगन, प्रतिभा देवांगन के नृत्यों को विशेष सराहना मिली।

- देवांगन जनकल्याण समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

### विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित

पारंपरिक व्यंजनों को लेकर भी प्रतियोगिता मिलेट से बने व्यंजन प्रतियोगिता में विनीता सुनील देवांगन प्रथम, मीनाक्षी देवांगन द्वितीय एवं ममता देवांगन तृतीय, दीप्ति देवांगन को विशेष पुरस्कार तथा दीया सजाओ प्रतियोगिता में प्रतिभा देवांगन प्रथम, कामना देवांगन द्वितीय एवं गौतमी देवांगन तृतीय स्थान पर रही। तीज क्वीन के प्रतिभागियों में बेस्ट हेयरस्टाइल चंद्रकिरण देवांगन, बेस्ट स्माइल स्वाति देवांगन, बेस्ट स्मार्टनेस विनीता देवांगन, बेस्ट पर्सनेलिटी मीनाक्षी देवांगन, बेस्ट मेकअप एवं ड्रेसअप के लिए चेतना देवांगन को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं की निर्णायकों सुमन देवांगन, पूर्व प्राचार्य प्रभा देवांगन एवं डॉ लता देवांगन का समिति द्वारा सम्मान किया गया।

● सरयूपारी ब्राह्मण समाज के 29 प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान, सामाजिकजन रहे उपस्थित

# ब्राह्मण सभी को अपने ज्ञान से सही दिशा दिखाएं, उच्च पदों पर रहकर भलाई करें, शिक्षा ही लेकर जाएगी आगे

**एक ब्राम्हण का मुख्य कार्य सभी समाज को ज्ञान और शिक्षा देना है। हमेशा लोगों को सही दिशा दिखाए, यही भाव मन में रहना चाहिए। पूरे विश्व में ब्राह्मण समाज के लोग अच्छे पदों पर रहकर भलाई का काम कर रहे हैं। वर्तमान में विप्र गौरव शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा करके समाज और देश का नाम रोशन किया। इसलिए शिक्षा को हम पूरी तरह से अपने अंदर अंगीकार करें। यही शिक्षा ज्ञान हमें जीवन में आगे लेकर जाएगी। यह वक्तव्य ब्राम्हण समाज के कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. संजय तिवारी ने कही।**

**भिलाई।** सरयूपारीय ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान कार्यक्रम सामाजिक भवन स्वामी विवेकानंद सभागृह, स्मृति नगर में किया गया। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चें और सभी आयु वर्ग के प्रतिभावनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमचंद विश्व विद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी और विशेष अतिथि डीएवी प्राचार्य प्रियंका शुक्ला उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुवात संस्कृत श्लोक उच्चारण के साथ भगवान ब्रह्मदेव की पूजा अर्चना कर की गई। पंडित हरे कृष्ण पांडे द्वारा स्वस्ति वाचन पाठ किया गया। इस अवसर पर समाज को 29 बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।










### माता बच्चों की पहली गुरु

विशेष अतिथि प्रियंका शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम बच्चों के साथ समय व्यतीत करे। माता-पिता बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान दें कि वे क्या कर रहे है। खासकर माता बच्चों की पहली गुरु होती हैं। अनुशासन, एकाग्रता और खुद के स्किल से ही जीवन में सर्वोच्च स्थान पर पहुंच सकते है। सभी बच्चें पढ़ाई पर फोकस कर आगे बढ़े, सफलता अपने आप पहुंचेगी।

### समाज के निर्धन बच्चों को मुख्यधारा से जोड़े

स्वागत भाषण देते हुए समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने समाज की पूर्व और वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि हर साल समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनका मनोबल बनाए रखने के लिए उनको इस आयोजन आशीर्वाद देते हुए सम्मानित करते आ रहे, ताकि ब्राह्मण समाज के नौनिहाल अपने देश और समाज के लिए कुछ अच्छा करने का जज्बा रखे और देश का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा कि सभी बच्चें एक मुकाम हासिल करें साथ ही समाज के मजबूत के वर्ग निर्धन बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें भी शिक्षा देने का बीड़ा समाज उठाए और मुख्य धारा में आ कर वे भी शिक्षित हो सके।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग के महासचिव रामलखन मिश्र, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति राहुल दुबे, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्र, चंद्र शेखर पांडे, नागेंद्र पांडे, विष्णु पाठक, रुक्मणि मिश्र, दिनेश मिश्र, लालिमा तिवारी, रीना दुबे, रीता शर्मा, दीपक मिश्र, हरे कृष्ण पांडे, कैलाश पाठक, शंकर चरण पांडे, संजय पांडे, अनु पांडे, किरण दुबे, रश्मि शर्मा, कनक तिवारी, ममता शुक्ला, मीना पांडे, मीता त्रिपाठी, प्रदीप चंद्र पांडे, एकता मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### कड़ी मेहनत से मिलेगी सफलता

मुख्य अतिथि डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि समाज के बच्चों को पुरस्कृत करने से बच्चो का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि चरित्र और समाज निर्माण पर ध्यान दें। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था उठो, जागो और तब तक विश्राम मत करो जब तक हम अपना लक्ष्य ना हासिल कर लें। माता-पिता और गुरु ही दुनिया के प्रमुख हैं। जिन पर बच्चों के सफलता का आधार टिका है। कड़ी मेहनत करो और जीतो।

### समाज के गौरव हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान अंशिका मिश्र, सलोनी पांडे, प्रद्युम्न्य शुक्ला, आयुष मिश्रा, जाह्नवी शर्मा, हर्षिता मिश्रा, राजश्री पांडे, सिद्धार्थ पांडे, डॉ नीलम दुबे, शिविका शर्मा, किरण शर्मा, शिक्षक सम्मान आरोही पांडे, नारायणी पांडे, रोहित मिश्रा, मान्या मिश्र, श्रेष्ठकांत दुबे, सुप्रांशू तिवारी, प्रतिष्ठा तिवारी, ईशा तिवारी, चेतना तिवारी, ख्याति शर्मा, अथर्व शर्मा, नैंसी शुक्ला, आश्व शर्मा, अनव शर्मा, अदिति मिश्र, आदर्श मिश्र, रिपुसुदन मिश्र, नभ शर्मा को सम्मानित किया गया। भिलाई नगर निगम के पार्षद पीयूष मिश्रा और हरिभमि समाचार पत्र के ब्यूरोचीफ डॉ. संदीप उपाध्याय का श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# टीचर्स ने केक काटकर मनोरंजक गेम्स में किया पार्टिसिपेट, स्टूडेंट्स ने कहा- गुरु देवो भवः

**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय में शिक्षिकाओं के लिए समर्पित सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्सव की शुरुआत केक-कटिंग समारोह से हुई। महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मैनेजिंग ट्रस्टी भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट विजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने महाविद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ. भारती वर्मा, डॉ. भावना पांडे, डॉ. राजश्री शर्मा, डॉ. प्रतिक्षा पांडे, डॉ. मोहना सुशांत पंडित, डॉ. हेमलता सिदार, डॉ. एम. माधुरी देवी, डॉ. सबीहा नाज़, डॉ. निधि मोनिका शर्मा, डॉ. अल्पना शर्मा, डॉ. अमरप्रीत कौर, डॉ. रंजना साहू, डॉ. निष्ठा वैद्य, डॉ. दीप्ति चौहान, डॉ. वर्षा चंद्राकर, डॉ. अर्चना शरण, रेनुका यादव, भाविका मिश्रा, नाजनीन बेग और साधना गुप्ता को उनके पेटेंट व पुस्तक प्रकाशन के उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विजय कुमार गुप्ता ने समाज को शिक्षित करने में शिक्षकों के योगदान को रेखांकित किया। प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और प्रोत्साहित किया। यह आयोजन महाविद्यालय के आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें नैक समन्वयक डॉ. रूपम अजीत यादव, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. भावना पांडे और डॉ. अर्चना शरण, डॉ. दीप्ति चौहान का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर छात्राओं द्वारा किया गया। जिसके माध्यम से उन्होंने अपने गुरुजनों के प्रति गहन श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान को अभिव्यक्त किया।





# अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई के आशीष अध्यक्ष और मनीष बने सचिव



**भिलाई।** अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। क्लब के आशीष अग्रवाल अध्यक्ष और मनीष अग्रवाल सचिव बनाए गए है। कार्यकारिणी गठन के दौरान दुर्ग नगर निगम के कमिश्नर सुमित अग्रवाल परिवार सहित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यकारिणी में सह-संस्थापक बिंदिया दिलीप अग्रवाल, ललिता अमित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संगीता अतुल गर्ग,अध्यक्ष ममता आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रीति पराग गोयल, सचिव आकांक्षा मनीष अग्रवाल, संयुक्त सचिव प्रीति सर्वेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष एकता संदीप अग्रवाल समारोह संचालक स्तुति निखिल अग्रवाल, सदस्यता निदेशक कंचन सुनील जैन, प्रियांका अंकित बंसल, मीडिया निदेशक जागृति हरीश अग्रवाल, बिन्नी मयंक सिंघल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक निदेशक हर्षिता सूरज अग्रवाल, प्रियंका प्रतीक गर्ग, सामुदायिक सेवा निदेशक श्वेता नितिन अग्रवाल, मीनू नवीन अग्रवाल, स्वागत अधिकारी, पूजा विक्रांत अग्रवाल, अंशु पलाश सिंघानिया को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शिक्षक दिवस पर 5 सौ से ज्यादा शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षक समाज की रीढ़, समाज निर्माण में अतुलनीय योगदान, सम्मानित कर प्रकट की कृतज्ञता

कार्नर न्यूज



भिलाई। समाज और देश के बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और उन्हें प्रोत्सहित करने शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में गुरु नानक नगर मैरिज हॉल में जिले के लगभग पांच सौ शिक्षकों के सम्मानित किया गया। आयोजन स्थल शिक्षकों के सम्मान से गूंज उठा। सर्व समाज कल्याण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शिक्षकों को सम्मानित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को नमन किया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति नवीन यादव, एल पी चतुर्वेदी, के. लक्ष्मी नारायण, एस. भास्कर और टी. गुणा राव उपस्थित थे।




### समाज निर्माण में शिक्षकों का योगदान

इस अवसर पर इंद्रजीत ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है और वे शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर योगदान देने के लिए प्रेरित होते हैं। यह आयोजन केवल एक समारोह नहीं बल्कि शिक्षकों के प्रति सम्मान, आदर और समाज निर्माण में उनके योगदान की सार्वजनिक स्वीकृति का उत्सव के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मान-पत्र, शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया। पूरे हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट से शिक्षकों के प्रति समाज की कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव दिखाई दिया। समारोह में समिति के महासचिव मलकीत सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, राम हिन्दारिया, सदस्य मुकेश वर्मा, वीरेंद्र साहू सहित समिति के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 50 से अधिक स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।



सिटी इवेंट

## जरुरतमंदों को वितरित की गई ट्राइसिकल, शिक्षक रहे शामिल



**दुर्ग।** लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा पोटियाकला वार्ड 53-54 में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला पोटियाकला, बीएड के विद्यार्थियों एवं अजीज पब्लिक स्कूल के शिक्षको का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में कुल 19 शिक्षकों का सम्मान कर क्लब द्वारा उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों व शिक्षकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में परंपरानुसार जोन चेयरपर्सन सुमन पांडे की आधिकारिक यात्रा भी संपन्न कराई गई। जोन चेयरपर्सन सुमन पांडे का जीवन परिचय अनीता तिवारी ने पढ़ा। जोन चेयरपर्सन सुमन पांडे की मौजूदगी में एक जरूरतमंद को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ लायन रौनक जमाल ने किया। कार्यक्रम प्रभारी पीएमजेफ लायन ज्ञानचंद पाटनी थे। कार्यक्रम में लायंस क्लब दुर्ग सिटी के लायन पीएमजेएफ सतीश सुराना, लायन अमर सिंह गुप्ता, लायन सुरिंदर पाल ढुलाई, लायन रश्मि अग्रवाल, लायन बृजमोहन खंडेलवाल, लायन रूपिंदर कालकेट, लायन सुनील अग्रवाल, लायन अनिल अरोड़ा, पूर्व शाला विकास समिति पोटियाकला अध्यक्ष भोजराम यादव, राकेश साहू, चंद्रशेखर साहू, विशाल साहू, शाला समिति अध्यक्ष मनीष साहू मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी अधिकारी संगठन का आयोजन, धूमधाम से मनाया तीज मिलन समारोह

# गेड़ी, सुआ और पंथी लोक नृत्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बिखेरी छत्तीसगढ़ी छटा, पारंपरिक वेशभूषा और झूले का भी लिया आनंद

**भिलाई।** छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी अधिकारी संगठन के महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन सांस्कृतिक भवन बीएमवाय चरोदा में किया गया है। इस अवसर पर बच्चों से लेकर सभी आयु वर्ग के पुरुषों और महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और गेड़ी, सुआ, पंथी सहित पारंपरिक लोक नृत्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान गांव के मंडई का लुक देने झूला आदि भी लगाया गया, जिसमें बच्चों सहित युवतियों ने भी आनंद लिया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने सभी पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे। कार्यक्रम में भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, छालीवुड निर्माता मोहित साहू, कलाकार दिलेश साहू, अनिकृति चौहान, गायिका मोनिका वर्मा, गायक सुशांत सहित क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित थे। तीज मिलन पारिवारिक समारोह की शुरुआत सुबह 11 बजे शिव-पार्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर की गई। समारोह में संगठन के बिलासपुर मण्डल, डोंगरगढ़ मण्डल, रायपुर मण्डल, दुर्ग मण्डल के करीब 300 से अधिक रेलवे कर्मचारी परिवार सहित शामिल हुए।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन





महिलाओं ने सामूहिक नृत्य, सामूहिक गाना के साथ गायिका मोनिका वर्मा, गायक सुशांत, कलाकार दिलेश साहू, अनिकृति चौहान ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग साढ़े तीन सौ महिलाओं को तीजहा साड़ी और 140 प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह महापौर निर्मल कोसरे और सभापति कृष्णा चंद्राकर द्वारा दिया गया। वनांचल गेड़ी नृत्य और रेलवे की कलाकार टीम संतोष कुर्रे ने विशेष प्रस्तुति दी।

### रेलवे के सभी मंडल से की शिरकत

समारोह में संगठन के बिलासपुर मण्डल, डोंगरगढ़ मण्डल, रायपुर मण्डल, दुर्ग मण्डल के पदाधिकारियों में जोनल अध्यक्ष सुरेश यादव, मण्डल अध्यक्ष तीजराम वर्मा, प्रभारी संदीप साहू, सचिव हितेंद्र बेलचंदन, उपाध्यक्ष मनोज सिन्हा, रूपेश वर्मा, सोहन महानंद, बीएमवाय अध्यक्ष चेतन साहू, सचिव मनोज वर्मा, प्रदीप कश्यप, धर्मेंद्र दीवान, प्रमोद कुमार, रनिंग ब्रांच अध्यक्ष बीके देवांगन, सचिव सतीश साहू, राजेश निषाद आदि मौजूद थे।





### प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन

समारोह में विशेष रूप से वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता अनुराग तिवारी, एआरएम प्रसन्ना लोधी, मण्डल विद्युत अभियंता बीपी साहू, कनिष्ठ विद्युत अभियंता श्याम कुर्रे, मुख्य क्रू नियंत्रक एसके त्रिपाठी, पीएस मुरलीधर, मजदूर कांग्रेस संयोजक डी विजय कुमार, श्रमिक यूनियन संयोजक बलाई सील, मजदूर संघ अध्यक्ष कोमल साहू, एच प्रसाद राव, अर्बन बैंक डायरेक्टर मिलाप साहू ने शामिल होकर संगठन की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रामेश्वरी साहू, नीता साहू, प्रियंका साहू ने किया। वहीं आशा साहू, चांदनी, अन्नपूर्णा सोनी, वंदना साहू, सत्यावती वर्मा, चंचल देवांगन, शगुन साहू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सिटी लाइव

## मेडिकल कैंप में होम्योपैथी और एलोपैथी विशेषज्ञों ने की जांच



**भिलाई।** बैंक ऑफ़ इंडिया दुर्ग ने ग्राहकों, स्टाफ और डॉक्टर्स के साथ 120वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सभी ग्राहकों के लिए निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में होम्योपैथी, दंत रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, आंख और जनरल मेडिसिन सहित सभी विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे। इस दौरान 50 से अधिक ग्राहकों ने अपना मेडिकल चेकअप करवाया और मेडिकल कैंप का लाभ उठाया। बैंक ऑफ़ इंडिया दुर्ग ने सभी ग्राहकों का मिठाई से मुंह मीठा कराया। बैंक में ग्राहकों और पूर्व स्टाफ के साथ केक काटकर बैंक ऑफ़ इंडिया का 120वां स्थापना दिवस मनाया। इस आयोजन मे मुख्य प्रबंधक नाबानिता दत्ता और लोकेश कुमार ठाकुर नें बैंक के इतिहास और बैंक के प्रोडक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस आयोजन मे दिलीप मारोटी, अश्वनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, प्रमोद कुमार सीरिया, डॉक्टर के के जैन, डॉ कोसरिया सहित अन्य डॉक्टर की टीम उपस्थित थी।

स्थापना दिवस समारोह

## स्टूडेंट्स ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति, प्रोफेसर्स ने कैंपस में किया न्यूज थ्रू प्रिंट का विमोचन



**दुर्ग।** वेटनरी कॉलेज अंजोरा का 40 वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मनदीप शर्मा, कुलपति नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय, जबलपुर थे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने की। विशेष रूप से डॉ. केके ध्रुव अतिरिक्त संचालक पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन, अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया मौजूद थे। अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य ने स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियों तथा उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने वर्ष 2024-25 में महाविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्थापना 08 सितम्बर 1985 से अभी तक के विवरण का संक्षिप्त लघुचित्र (विडियो) प्रदर्शित किया गया। डॉ. सिंह ने पशुधन के योगदान एवं महत्व को बताते हुए सभी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टॉफ तथा छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास में प्राध्यापको, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं का अमूल्य योगदान है। डॉ. शर्मा ने संस्था की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा डिजिटल ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग कक्ष का उद्घाटन किया गया। डॉ .दिलीप चौधरी द्वारा संपादित एवं संकलित यूनिवर्सिटी पब्लिस्ड प्रेस न्यूज थ्रू प्रिंट एण्ड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पार्टःश्री का विमोचन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। क्रीडा अधिकारी डॉ.शबीर अनंत ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम

## मूक बधिर शाला के स्पेशल बच्चों के शिक्षकों को किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई के तत्वाधान में विशेष बच्चों के प्रमुख शिक्षकों का सम्मान स्टील क्लब भिलाई में किया गया। इस दौरान शिक्षको के मनोरंजन के लिए गेम्स व सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए। शिक्षको का सम्मान श्रीफल, चुन्नी और स्मृति चिन्ह से किया गया। शिक्षकों ने इस सम्मान के लिए आभार जताया।

**स्टील क्लब भिलाई में शिक्षकों का हुआ सम्मान**

सम्मानित किए गए इन शिक्षकों में प्रयास स्कूल से प्रिंसिपल डॉ. राजेश पांडेय, प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान से प्रयास टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रिया रस्तोगी, पाठ्यक्रम समन्वयक लक्ष्मी यादव, विशेष शिक्षण प्रशिक्षक निकिता सोनपिपरे, अर्पणा चम्बारे, अनामिका साहू, नीतू सिंह और मोहम्मद जलालुद्दीन रिजवी, मूक बधिर शाला शांति नगर से संध्या द्विवेदी व सौम्या द्विवेदी शामिल थे। लीनेस क्लब की ओर से अध्यक्ष रीटा कुखरनिया, सचिव माला पोपली, कोषाध्यक्ष राजश्री जैन, पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट तृप्ता कौर कैम्बो, विभा भूटानी, गीता मिश्रा, अनिता सहगल, अमिता सारस्वत, अंजना विनायक और लता गायकवाड़ ने किया गया। कार्यक्रम का संचालन नूतन गंधोक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शक्ति धारणी, शुभ्रा रस्तोगी, बासबी दास, पूनम आहूजा, श्रद्धा राव, सुषमा गुप्ता, सुषमा सिंह, उर्मिला,मनीषा, ममता, मीनाक्षी, स्नेहा, संगीता, लता मंत्री, अर्चना, सुषमा, ऊषा अग्रवाल, देवयानी, मधु और अरुणा आदि उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## अगली पीढ़ी के बच्चों को रचनात्मक और स्वावलंबी बनाने दिया जोर



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेक्टर 6 में स्कूल के 40 शिक्षकों का सम्मान किया गया। अगली पीढ़ी के छात्रों को रचनात्मक बनाने में शिक्षकों की भूमिका की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला समिति के अध्यक्ष रजनीकांत पांडे ने शिक्षकों को भविष्य का निर्माता बताया। शिक्षकों को हर कदम पर धैर्य, सहानुभूति और सहयोग के साथ चलने की बता कही। प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने शिक्षकों को नवाचार से छात्रो को रचनात्मक और आत्मविश्वासी बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल के पांच स्टाफ को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अमरजीत सिंह चहल, सोनाली माधवन, महेंद्र यादव, कबीर साहू, मुकेश अग्रवाल, रजनीकांत पाण्डेय, अशोक जैन, ॠतुराज शर्मा, पंकज सोनी, ज्योति ठाकुर, अंजली पटनायक, ज्योति सेन, रितेश मिश्रा, सरोज, किरण भोसाले, मनोज ठाकरे, संदीप निर्मलकर और सीमा तिवारी उपस्थित थे।

विश्व सद्भावना दिवस पर सम्मान समारोह व पुरुस्कार वितरण

कार्नर न्यूज

# बच्चों ने जैन ध्वज लेकर श्रीजी की पालकी यात्रा में लगाए जयकारे, ढोल नगाड़ों और भजनों का उच्चारण कर मांगी माफी

**भिलाई।** जैन धर्म के अनुयायियों के सबसे बड़े पर्व दसलक्षण पर्व का समापन विश्व सद्भावना दिवस पर वात्सल्य मिलन का आयोजन पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेहरू नगर में किया गया। इस अवसर पर पूरे 10 दिनों तक हुए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वालों को सम्नानित किया गया। मंदिर में दैनिक अभिषेक पूजन के बाद 10 उपवास की साधना करने वाले अनिल जैन, पवन जैन, विधानाचार्य अनेकान्त जैन, पं. शिखरचंद जैन, सीए क्षितिज जैन, अर्चना जैन, रजनी जैन, प्राची जैन, सोनम जैन, वैशाली जैन, ख़ुशी जैन, प्राची जैन का सामूहिक पारणा समाज के सभी सदस्यों द्वारा कराया गया। इस अवसर पर आर्यिका अक्षयमती और आर्यिका निर्मदमती ने सभी को मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया।



### महिलाओं ने नाचते गाते निकाली शोभा यात्रा



इस अवसर पर श्री जी की भव्य शोभायात्रा मंदिर से प्रारम्भ होकर अग्रसेन चौक सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची। श्री आदिनाथ भगवान को पालकी में विराजमान कर जयकार के नारों, ढ़ोल नगाड़ों और भजनों की ध्वनि का उच्चारण करते हुए समाज के लोग यात्रा में शरीक हुए। शोभायात्रा में सबसे आगे जैन ध्वज लिए हुए बच्चे, बैंड पार्टी, पुरुष वर्ग, भजन मंडली, नृत्य करते युवा, श्रीजी की पालकी, आर्यिका संघ, दो दो की पंक्ति में महिलाएं व बग्गी में उपवासकर्ता साधको को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। जैन भवन में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तों के बीच भगवान का मंगलमय अभिषेक व शांतिधारा सम्पन्न हुई। जिसका सौभाग्य अध्यक्ष परिवार मनीत जैन, ॠषभ व श्रेयांस जैन परिवार और पुष्पेंद्र शुभम जैन जूस फैक्ट्री परिवार को प्राप्त हुआ। जिसके बाद फूलमाल, ज्ञानमाल आदि का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

### विजेता बच्चे और सेवादार हुए सम्मानित



कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंत्री क्षितिज जैन ने मंदिर में सेवादार पुजारी राहुल जैन, गार्ड, माली, मैनेजर दीपक जैन, मंदिर व्यवस्था में सहयोगी समाज के सदस्य अजित जैन, रवि कासलीवाल, राजकिशोर जैन, प्रदीप जैन, सामूहिक पूजन, आरती एवं दसलक्षण पर्व पर विशेष सहयोग के लिए विधानाचार्य अनेकान्त जैन, प्रचार प्रसार के लिए अशोक पहाड़िया को सम्मानित किया गया। पर्व के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के सभी विजेता बच्चों, युवाओं व महिलाओं को आई एम जैन परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। समाज से जुड़े 3 नये परिवारों का स्वागत किया गया। भाग्यशाली परिवार व पाठशाला के भाग्यशाली 3 बच्चों विहान, अथर्व व अयान को पुरुस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष मनीत जैन व संरक्षक महावीर पाटनी ने आयोजन समिति युवा संघ के कार्यो की सराहना करते हुए सभी युवाओं को समाज को आगे ले जाने प्रोत्साहित किया। सभी उपस्थित भक्तों ने माता जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कैनो पोलो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के ऑफिशियल बनाए गए रघुवंशी



**रायपुर।** 10 से 14 सितंबर तक मलेशिया के पुत्रजया में होने वाली 19वीं अंतर्राष्ट्रीय कैनो पोलो चैंपियनशिप में भारतीय दल के साथ प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहसचिव भारतीय कयाकिंग एंड कैनोइंग संघ एवं सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग संघ तथा सह सचिव छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ को भारतीय टीम का ऑफिशियल नियुक्त किया गया है। राज्य के प्रशांत सिंह रघुवंशी भारत की 15 खिलाड़ियों की टीम के साथ 9 सितंबर को दोपहर 1 बजे दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मलेशिया के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, अभिजीत मिश्रा सचिव एवं अमरजीत छाबड़ा सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने शुभकामनाएं दीं।

### एथलेटिक अकादमी ने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में जीते 22 पदक



**रायपुर।** बहतराई बिलासपुर में 5 से 7 सितंबर तक आयोजित 22वीं सब-जूनियर, जूनियर एवं अंडर-23 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रायपुर एथलेटिक अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अकादमी ने कुल 22 पदक जीतकर ओवरऑल सेकंड रनरअप का खिताब हासिल किया। इसमें 10 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। बोर्डिंग खिलाड़ियों में बिरजूराम मंडावी ने 110 मीटर हर्डल्स और हाई जंप में दो स्वर्ण पदक जीते, वहीं किरण ध्रुव, रुतुराज, योगेंद्र, बलराम और ध्रुवा बिरेंद्र ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। डे-बोर्डिंग खिलाड़ियों में सिद्धार्थ नागेश (शॉटपुट), अनिल साहू (डिस्कस थ्रो) और विजय यादव (जेवलिन थ्रो) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इधर बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की गुंजन पटले ने 23 से 30 अगस्त तक नॉर्वे में आयोजित होमलेस फुटबॉल वर्ल्ड कप में गोलकीपर के रूप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। खेल संचालक तनूजा सलाम ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उत्साह बढ़ाया।

### द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता कोंडागांव में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा 19 से 21 सितंबर 2025 तक द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, कोंडागांव में किया जाएगा। संघ के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि कोंडागांव जिले में पहली बार राज्य स्तरीय रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में 12 वर्गों में मुकाबले होंगे। 19 सितंबर : यूथ अंडर-19 (बालक/बालिका) एवं यूथ अंडर-15 (सब-जूनियर, बालक/बालिका), 20 सितंबर : सीनियर (पुरुष/महिला) एवं यूथ अंडर-11 (होप्स, बालक/बालिका) 21 सितम्बर : यूथ अंडर-17 (जूनियर, बालक/बालिका), यूथ अंडर-13 (कैडेट, बालक/बालिका) एवं सीनियर पुरुष एकल प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से लगभग 200 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। इसमें केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### गजकेसरी राजयोग से इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन

पंचांग के मुताबिक इस साल पितृ पक्ष का आरंभ 7 सितंबर से हो चुका है और यह 21 सितंबर को खत्म होगा। पितृ पक्ष के दौरान गजकेसरी राजयोग बनने जा रहा है। आपको बता दें कि चंद्र ग्रह 14 सितंबर को मिथुन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं, जहां पर गुरु बृहस्पति पहले से ही विराजमान हैं। ऐसे में गुरु और चंद्र की युति से गजकेसरी राजयोग का निर्माण होगा।

**तुला राशि** : यह राजयोग आपकी गोचर कुंडली के भाग्य स्तान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपका भाग्योदय हो सकता है। आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि** : यह राजयोग आपकी राशि से लग्न भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपको मान- सम्मान की प्राप्ति होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। साथ ही शादीशुदा जिंदगी में प्यार और समझदारी बढ़ेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

---

## दान से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं

# पितृपक्ष पर इन चीजों के दान से दूर होगी घर की दरिद्रता, पितृ दोष से भी मिलेगा छुटकारा

पितृपक्ष की शुरुआत 7 सितंबर से हो चुकी है और 21 सितंबर को महालया अमावस्या के दिन इसका समापन होगा। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों की शांति और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्राद्ध कर्म व दान-पुण्य करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि पितृपक्ष में किए गए दान से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि पितृ दोष से मुक्ति पाने और परिवार में शांति बनाए रखने के लिए कुछ विशेष चीजों का दान करना अत्यंत शुभ होता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस दौरान किन चीजों का दान करना लाभदायक माना जाता है।



### वस्त्रों का दान

गरुड़ पुराण और अन्य धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि मौसम का असर जैसे हम लोगों पर होता है, वैसे ही इसका असर पूर्वजों पर भी पड़ता है। ऐसे में पितृपक्ष के दौरान वस्त्रों का दान करना बेहद सबसे शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से पितरों की कृपा मिलती है और जीवन में खुशहाली बनी रहती है।

### छतरी का दान

पितृपक्ष में पितरों के नाम से छतरी का दान करना बेहद लाभकारी होता है। कहा जाता है कि इससे व्यक्ति के जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाती हैं और परिवार में सुख-शांति और खुशहाली आती है। इसलिए पितृपक्ष में छतरी का दान करना शुभ फल दिलाने वाला माना गया है।

### काले तिल का दान

पितृपक्ष में श्राद्ध के हर कर्म में काले तिल का प्रयोग अनिवार्य माना गया है। अगर कोई व्यक्ति और कुछ दान न कर पाए, तो कम से कम काले तिल जरूर दान करना चाहिए। इससे पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन की मुश्किलें कम होने लगती हैं। माना जाता है कि काले तिल का दान करने से पूर्वज हमारी रक्षा करते हैं।

### गुड़ और नमक

अगर घर में लंबे समय से कलह, तनाव और आर्थिक तंगी बनी हुई है, तो पितृपक्ष के दौरान गुड़ और नमक का दान बेहद लाभकारी माना गया है। शास्त्रों के अनुसार, पितरों के निमित्त इन चीजों का दान करने से घर की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और परिवार के रिश्तों में मधुरता आती है।

### कौवे के बिना अधूरा माना जाता है पितृ पक्ष का श्राद्ध कर्म, पितरों से है इसका गहरा नाता

पितृपक्ष का समय हिंदू धर्म में बेहद खास माना जाता है। इस दौरान पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध और तर्पण किए जाते हैं। मान्यता है कि पितरों की आत्मा इस समय धरती पर आती है और अपने वंशजों से तर्पण व भोजन ग्रहण कर संतुष्ट होती है। वहीं, श्राद्ध के दौरान एक खास परंपरा निभाई जाती है, जिसे पंचबलि कहा जाता है। इसमें पांच जगह भोजन के अंश निकाले जाते हैं – गाय, कुत्ता, कौआ, देवताओं और चीटियों के लिए। इनमें सबसे अहम भूमिका कौवे की होती है, जिसे पितरों का दूत माना गया है। ल

क्यों जरूरी है श्राद्ध में कौए की भूमिका? धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कौआ श्राद्ध का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। शास्त्रों के अनुसार, कौवा पितरों का दूत माना जाता है। श्राद्ध में जब कौवे को भोजन कराया जाता है, तो माना जाता है कि वह भोजन सीधे पितरों तक पहुंचता है। ऐसा माना जाता है कि अगर श्राद्ध के दिन कौआ भोजन स्वीकार कर लेता है तो समझा जाता है कि पितर तृप्त और प्रसन्न हो गए हैं। यही वजह है कि श्राद्ध कागबलि के बिना अधूरा माना जाता है।

## बच्चे को प्ले स्कूल भेजने से पहले सिखाएं ऐसी बातें जिससे वह वहां कर सके अच्छा व्यवहार



जैसे ही बच्चे 3-4 साल के हो जाते हैं, उनका दाखिला प्ले स्कूल में करवा दिया जाता है। इस कक्षा में बच्चे अन्य बच्चों के साथ घुलना-मिलना सीखते हैं और पढ़ाई की आदत डालते हैं। उन्हें खेल-खेल में बुनियादी जीवन कौशल भी सिखाया जाता है। हालांकि, प्ले स्कूल भेजने से पहले भी आपको कुछ तैयारी करनी होगी। बच्चों की देखभाल से जुड़ी टिप्स में आज हम आपको बताएंगे कि प्ले स्कूल भेजने से पहले आपको बच्चे को क्या-क्या सिखाना चाहिए।

### शिष्टाचार सिखाएं



बच्चों को प्ले स्कूल भेजने से पहले उन्हें शिष्टाचार जरूर सिखाएं। इससे वे समझ सकेंगे कि उन्हें लोगों के साथ कैसा व्यव्हार करना चाहिए और कैसे रहना चाहिए। उनके सामने हमेशा अच्छी तरह बात करें और 'प्लीज', 'धन्यवाद' और 'सॉरी' जैसे शब्दों का प्रयोग करें। इससे बच्चे भी इन शब्दों का महत्व सीखेंगे और इन्हें इस्तेमाल करेंगे। साथ ही उन्हें जवाब देने से पहले हाथ उठाने, खुद खाना खाने और पूछकर चीजें करने की आदत डलवाएं।

### लोगों से बात करने की आदत डालें

ज्यादातर बच्चे प्ले स्कूल में शांत बैठे रहते हैं और कुछ भी करने से शरमाते रहते हैं। ऐसे में वे कुछ सीख नहीं पाते और सामाजिक नहीं बन पाते। अपने बच्चे को प्ले स्कूल भजने से पहले लोगों से बात करना सिखाएं। इसके लिए उन्हें अन्य बच्चों के साथ खेलने दें और अपने परिवार के लोगों से बात करने के लिए प्रेरित करें। इससे उनकी बोली भी साफ हो जाएगी और वे अपने शिक्षक-शिक्षिका से भी खुलकर बात कर पाएंगे।

### रोजाना कुछ पढ़ने-लिखने को दें

प्ले स्कूल में जाते ही पढ़ाई करना बच्चों के लिए नया अनुभव होता है और वे डरकर पढ़ाई से जी चुराने लगते हैं। इसिलए, बेहतर होगा कि आप उन्हें पहले से ही पढ़ने की आदत डाल दें। इसके लिए रोजाना उन्हें कुछ अक्षर लिखवाएं या रेखाएं आदि बनाना सिखाएं। इसके अलावा उन्हें कहानियां भी पढ़कर सुनाएं, ताकि वे चीजें याद करना सीख सकें। बच्चों को फलों, रंगों, जानवरों और फूलों के नाम भी याद करवाएं।

### साफ-सफाई का ध्यान रखें

छोटे बच्चों के लिए साफ-सफाई का ध्यान रख पाना मुश्किल होता है। हालांकि, प्ले स्कूल जाने से पहले उन्हें साफ-सफाई की मूल बातें पता होनी ही चाहिए। बच्चों को ठीक से खाना खाना सिखाएं, ताकि वे लंच पीरियड में गंदगी न करें। इसके अलावा उन्हें खुद से बाथरूम इस्तेमाल करने की भी आदत डलवाएं और कपड़े पहनना भी सिखाएं। ये आदतें डलवाने से आपका बच्चा प्ले स्कूल जाने के लिए बिलकुल तैयार हो जाएगा।

## इन लोगों को नहीं करना चाहिए अनानास का सेवन, हो सकती हैं कई समस्याएं

अनानास एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वाद में खट्टा-मीठा होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि ये इसमें कई खनिज और विटामिन्स मौजूद होते हैं। हालांकि, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनके लिए अनानास का सेवन करना परेशानी का कारण बन सकता है।

आइए आज हम आपको उन लोगों के बारे में बताते हैं, जिन्हें अनानास का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि ये उनके लिए मुसीबत बन सकता है।



**एलर्जी से पीड़ित लोग** : अगर आपको किसी भी प्रकार की एलर्जी है तो अनानास का सेवन करने से बचें। अनानास में एक खास तत्व होता है, जो एलर्जी के लक्षणों को बढ़ा सकता है। इस कारण एलर्जी वाले लोगों को अनानास से दूर रहना चाहिए। इसके अलावा अगर आपको त्वचा संबंधी कोई समस्या है तो भी अनानास खाने से बचें क्योंकि यह समस्या को और बढ़ा सकता है।

**मधुमेह के मरीज** : मधुमेह के मरीजों के लिए भी अनानास का सेवन नुकसानदायक हो सकता है। अनानास में शक्कर होती है, जो खून में शक्कर के स्तर को बढ़ा सकती है। इस कारण मधुमेह के मरीजों को अनानास खाने से बचना चाहिए। हालांकि, अगर आप मधुमेह के मरीज हैं और अनानास खाना चाहते हैं तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें और अपने चिकित्सक इलाज को ही प्राथमिकता दें।

**उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग** : उच्च रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोगों के लिए भी अनानास का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। अनानास में नमक की मात्रा ज्यादा होती है, जो रक्तचाप को बढ़ा सकता है। इस कारण ब्लड प्रेशर के मरीजों को अनानास खाने से बचना चाहिए। हालांकि, अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**दांतों की समस्याओं से जूझ रहे लोग** : दांतों की समस्याओं से पीड़ित लोग भी अनानास का सेवन न करें तो अच्छा है। अनानास में खट्टापन होता है, जो दांतों की समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि दांतों की समस्याओं से पीड़ित लोग अनानास का सेवन न करें। हालांकि, अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## मुंह में जाते ही घुल जाता है रेशमी पराठा आसानी से बनाएं, खुद भी खाएं

भारतीय खान-पान में पराठे और रोटी अहम होती हैं, जिन्हें सब्जी के साथ परोसा जाता है। हालांकि, रोजाना इनका सेवन करने से मन उब जाता है। इनके बजाय अगर आप रेशमी पराठा बनाकर खाएंगे तो आपका मन तृप्त हो जाएगा। यह खास तरह का मुलायम पराठा होता है, जो मुंह में जाते ही घुल जाता है। आप इसे किसी भी सब्जी के साथ परोस सकते हैं। आइए इस व्यंजन की आसानी रेसिपी जानते हैं।

**क्या होता है रेशमी पराठा** : आम तौर पर पराठे थोड़े सख्त और कुरकुरे होते हैं। जैसा की इसके नाम से पता चलता है, रेशमी पराठा बिलकुल मुलायम होता है। इसे बनाने के लिए मैदा और गेहूं का आटा मिलाया जाता है, ताकि ये मुंह में जाते ही घुल सके। इसके स्वाद को बढ़ाने के लिए कुछ लोग इसमें उबले हुए आलू मिलाना भी पसंद करते हैं। आप इसमें धनिया, तिल और लहसुन डालकर इसे और भी जायकेदार बना सकते हैं।

**इसे बनाने के लिए लगेगी ये सामग्री** : रेशमी पराठा आम पराठों की तरह तवे पर ही बनाया जाता है। हालांकि, इसमें कुछ अन्य सामग्रियां भी मिलाई जाती हैं, जिससे इसकी बनावट मुलायम होती है। इसे बनाने के लिए आपको एक कप मैदा, एक



कप आटा, 2 उबले आलू, एक चम्मच नमक, आधा कप गर्म पानी, 2 से 3 चम्मच तिल, आधा चम्मच बारीक कटी धनिया और घी चाहिए होगा।

**आटा गूंथने से करें शुरुआत** : रेशमी पराठा बनाने के लिए सबसे पहले उबले आलू को हाथों से मीस लें। हालांकि, उसे मिक्सी में पीसना ज्यादा बेहतर होता है। अब एक कटोरे में मैदा, आटा, आलू, नमक और गर्म पानी मिलाएं। इसे हाथों से मीसते हुए मुलायम आटा गूंथ लें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा-सा दूध भी मिला सकते हैं, जिससे आटा और मुलायम हो जाएगा।

**इस तरह सेंकें रेशमी पराठे** : आपने आटे के जिन भागों को अलग किया था, उन्हें गोल-गोल आकार दे दें। अब हाथों की मदद से उन्हें चपटा करें और बेलन से उन्हें बेलकर पराठे बना लें। इसके बाद ऊपर से बारीक कटी धनिया और दोनों तरह के तिल डाल दें। इसके बाद तवा गर्म करें और उस पर घी डालें।

## कार्नर न्यूज

## अपनी तेज गंध के कारण दीमक को दूर भगाता है

# नीम तेल, बोरैक्स पाउडर से दूर करें घर की दीवारों से दीमक, आजमाएं आसान और प्रभावी तरीके

दीमक एक ऐसी कीट होती है, जो लकड़ी की चीजों को खा जाती है और दीवारों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। अगर आपके घर में दीमक का प्रकोप हो गया है तो इसे दूर करना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप घर की दीवारों से दीमक को दूर कर सकते हैं। इन तरीकों से आप अपने घर को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं।





### नीम का तेल है प्रभावी

नीम का तेल एक प्राकृतिक कीटनाशक होता है, जो दीमक को खत्म करने में मदद करता है। इसे पानी में मिलाकर दीवारों पर छिड़कें या रूई को नीम के तेल में भिगोकर दीवारों पर लगाएं। इससे दीमक दूर होती है और दीवारों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। नीम का तेल न केवल दीवारों को सुरक्षित रखता है, बल्कि घर के अन्य हिस्सों में भी दीमक फैलने से रोकता है।

### बोरैक्स पाउडर का करें इस्तेमाल

बोरैक्स पाउडर एक ऐसा पदार्थ है, जो दीमक को खत्म करने में मदद करता है। इसे पानी में मिलाकर दीवारों पर लगाएं या सीधे पाउडर को दीवारों पर छिड़कें। इससे दीमक दूर होती है और दीवारों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। बोरैक्स पाउडर का उपयोग करने से न केवल दीवारें सुरक्षित रहती हैं, बल्कि घर के अन्य हिस्सों में भी दीमक फैलने से रुकता है। यह एक सस्ता और प्रभावी उपाय है, जिसे आप आसानी से अपना सकते हैं।

### बोरिक एसिड आएगा काम

बोरिक एसिड एक ताकतवर रसायन है, जो दीमक को खत्म करने में बहुत असरदार है। इसे पानी में मिलाकर दीवारों पर छिड़कें या रूई को बोरिक एसिड में भिगोकर दीवारों पर लगाएं। इससे दीमक दूर होती है और दीवारों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। बोरिक एसिड का उपयोग करने से न केवल दीवारें सुरक्षित रहती हैं, बल्कि घर के अन्य हिस्सों में भी दीमक फैलने से रुकता है। यह एक सस्ता और प्रभावी उपाय है।



### सफेद सिरका भी है असरदार

सफेद सिरका एक ऐसा पदार्थ है, जो प्राकृतिक रूप से दीमक को खत्म करने में मदद करता है। इसे पानी में मिलाकर दीवारों पर छिड़कें या रूई को सफेद सिरके में भिगोकर दीवारों पर लगाएं। इससे दीमक दूर होती है और दीवारों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। सफेद सिरके का उपयोग करने से न केवल दीवारें सुरक्षित रहती हैं, बल्कि घर के अन्य हिस्सों में भी दीमक फैलने से रुकता है।

**लौंग का तेल भी है प्रभावी**

लौंग का तेल अपनी तेज गंध के कारण दीमक को दूर भगाता है। इसे पानी में मिलाकर दीवारों पर छिड़कें या रूई को लौंग के तेल में भिगोकर दीवारों पर लगाएं। इन सरल तरीकों से आप अपने घर की दीवारों को सुरक्षित रख सकते हैं और दीमक से छुटकारा पा सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने घर को स्वस्थ और सुरक्षित रख सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## मनोज तिवारी का 'जब से चढ़ल बा' नए फ्लेवर के साथ रिलीज, मचा रहा



खेसारी लाल यादव, पवन सिंह और निरहुआ भोजपुरी सिनेमा के वो स्टार हैं, जो अपने गानों से आए दिन फैंस के बीच धूम मचाते रहते हैं लेकिन, अब इन तीनों भोजपुरी स्टार्स को टक्कर देने एक पुराने खिलाड़ी ने मैदान में एंट्री की है और देखते ही देखते सबका स्टारडम भी हिला दिया है। हम बात कर रहे हैं मनोज तिवारी की, जो एक पॉलिटीशियन ही नहीं, नामी सिंगर और एक्टर भी हैं। मनोज तिवारी अपने भोजपुरी गानों से फैंस के बीच सालों पहले धूम मचा चुके हैं। अब अपने एक 15 साल पुराने गाने से वह फिर से भोजपुरिया फैंस के बीच छा गए हैं। मनोज तिवारी का हिट सॉन्ग 'जब से चढ़ल बा जवानी' नए फ्लेवर के साथ दर्शकों के बीच आ गया है। खास बात तो ये है कि इस गाने ने रिलीज होते ही धूम मचा दी है। इसे टी-सीरीज भोजपुरी के यूट्यूब चैनल टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर रिलीज किया गया है और दो ही दिन में इसने 3 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। 'जब से चढ़ल बा जवानी' को पारस कलनावत और गरिमा पर फिल्माया गया और मनोज तिवारी ने अपनी उपस्थिति से इस गाने में चार चांद लगा दिए हैं। फैंस भी इस गाने पर रिएक्ट करते हुए अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- 'पुराने खिलाड़ी मैदान में।' एक अन्य ने लिखा-'शेर बूढ़ा हो सकता है, मगर शिकार करना कभी नहीं भूलता... मनोज तिवारी वही शेर हैं भोजपुरी गायकी के।

### बॉलीवुड

## हीरो बने कैप्टन कूल! दिखाएंगे पुलिसिया अवतार, 'द चेज' का टीजर हुआ रिलीज



**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी इंडियन क्रिकेट टीम के सबसे सफल और शानदार कप्तान में से एक हैं। क्रिकेट जगत में हलचल मचाने के बाद अब महेंद्र सिंह धोनी एक नए वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। रविवार को कैप्टन कूल का एक वीडियो सामने आया, जिसे देखने के बाद अब फैंस ये सवाल कर रहे हैं कि क्या वह एक्टिंग की दुनिया में अपनी नई शुरुआत करने वाले हैं। हाल ही में 'द चेज' का टीजर जारी किया गया, जिसमें महेंद्र सिंह धोनी अभिनेता आर माधवन के साथ दिखाई दिए। इस टीजर ने कैप्टन कूल के फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा दी है और हर तरफ यही सवाल है कि क्या एमएस धोनी अब हीरो बनकर बॉलीवुड में तहलका मचाने वाले हैं।

हालांकि मेकर्स ने ये साफ नहीं किया है कि ये कोई फिल्म है, सीरीज या फिर हाई प्रोफाइल ऐड, जो एक्शन और ड्रामा से भरा है। इस टीजर में महेंद्र सिंह धोनी और आर माधवन पुलिसिया अवतार में नजर आ रहे हैं और ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे हैं। टीजर में ये तो बताया गया है कि इसे बसन बाला ने डायरेक्ट किया है, जो आलिया की 'जिगरा' के डायरेक्टर थे, लेकिन ये नहीं बताया गया कि आखिर 'द चेज' के पीछे की कहानी क्या है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आर माधवन हाल ही में फातिमा सना शेख के साथ नेटफ्लिक्स की 'आप जैसा कोई' में नजर आए थे, जो 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी और अब वह रणवीर सिंह की 'धुरंधर' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके और रणवीर के अलावा संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन भी नजर आएंगी। फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर हैं, जिन्होंने 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' से वाहवाही लूटी थी।

### साउथ

## कमल हासन को देखते ही सम्मान में झुक गई हीरोइन, रामायण में बनेंगी सीता



**बेंगलुरु।** साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स 2025 में सिनेमाई सितारों ने जलवा बिखेरा। इस कार्यक्रम के कई वायरल पलों में से एक खास रहा जिसने सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। अपनी विनम्रता और शालीनता के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री साई पल्लवी, पारंपरिक रूप से दिग्गज अभिनेता कमल हासन के पैर छूकर उनका अभिवादन करती नजर आईं। दिग्गज अभिनेता उनके इस भाव से बेहद प्रभावित हुए, उन्हें आशीर्वाद दिया और एक गर्मजोशी भरी मुस्कान का आदान-प्रदान किया। तमिल क्षेत्र में साई पल्लवी ने अमरन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। तेलुगु और कन्नड़ भाषी क्षेत्रों में, अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना ने अभिनय के क्षेत्र में शीर्ष पुरस्कार जीते, जबकि कल्कि 2898 एडी और गौरी ने तकनीकी और अभिनय के क्षेत्र में कई श्रेणियों में बड़ी उपलब्धि हासिल की।साई पल्लवी नितेश तिवारी की रामायण में सीता के रूप में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रणबीर कपूर इस फिल्म में भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं और यश को रावण की भूमिका के लिए चुना गया है। इस फिल्म के लिए बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों की प्रतिष्ठित टीमों ने सहयोग किया है।



### गहनों की चाह

अगर भारतीय शादियों से जुड़ी एक बड़ी पहचान की बात की जाए तो वह है भव्यता और दुल्हन के गहने के अलावा कुछ नहीं हो सकती। हालांकि, 2025 में भारतीय दुल्हनों के लिए ज्वेलरी डिजाइनर कुछ नए कलेक्शन लेकर आएं हैं लेकिन लोगों का ध्यान परंपरागत गहनों की तरफ ज्यादा जाता है। आगामी दिनों में शादियों के मुहूर्त को देखते हुए माना जा रहा है कि परंपरागत डिजाइनर ज्वेलरी की मांग बढ़ जाएगी।

# सिल्क की साड़ियां स्टोर करने अपनाएं ऐसे उपाय जिससे वे हमेशा दिखती रहें नई जैसी

सिल्क की साड़ियां न केवल सुंदर होती हैं, बल्कि इनमें इस्तेमाल होने वाला कपड़ा काफी महंगा भी होता है। ऐसे में इनकी सही तरीके से देखभाल करना जरूरी है ताकि ये लंबे समय तक नई जैसी बनी रहें। आज हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपनी सिल्क की साड़ियों को सही तरीके से स्टोर कर सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आपकी साड़ियां न केवल सुरक्षित रहेंगी, बल्कि उनकी चमक भी बनी रहेगी।

**साड़ियों को मोड़कर रखें :** सिल्क की साड़ियों को स्टोर करते समय उन्हें मोड़कर रखना सबसे अच्छा तरीका है। इससे साड़ियों पर सिलवटें नहीं पड़तीं और वे अच्छी तरह से सुरक्षित रहती हैं। साड़ियों को मोड़ते समय ध्यान रखें कि उनमें कोई मोड़ या दबाव न पड़े, जिससे उनकी चमक बनी रहे। इसके लिए आप साड़ियों को हल्के हाथों से मोड़कर कपड़े के थैले में रख सकती हैं या फिर किसी बड़े डिब्बे में स्टोर कर सकती हैं।

**कपड़े के थैले का करें इस्तेमाल :** सिल्क की साड़ियों को स्टोर करने के लिए कपड़े के थैले का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। इन थैलों में साड़ियां रखने



से वे धूल-मिट्टी से बची रहती हैं और उनकी चमक भी बरकरार रहती है। आप चाहें तो थैलों को अपनी अलमारी में भी रख सकती हैं।इसके अलावा कपड़े के थैलों में रखने से साड़ियों का रंग भी नहीं बिगड़ता और वे लंबे समय तक नई जैसी बनी रहती हैं।

**नमी से बचाकर रखना बहुत जरूरी :** सिल्क की साड़ियों को नमी से बचाकर रखना बहुत जरूरी है क्योंकि नमी से फफूंदी लगने का खतरा रहता है। इसके लिए आप अपनी अलमारी या स्टोर रूम में नमी सोखने वाले पैकेट्स रख सकती हैं। इसके अलावा आप चाहें तो एक सूखे कपड़े में अपनी साड़ियों को लपेटकर भी रख सकती हैं ताकि उन्हें नमी न लगे। इस तरह आपकी साड़ियां हमेशा सुरक्षित रहेंगी।

### हल्के साबुन का करें उपयोग

जब भी आपको अपनी सिल्क की साड़ियों को धोना हो तो हल्के साबुन या शैंपू का उपयोग करें। इससे आपकी साड़ियों की चमक बनी रहेगी और उनका कपड़ा भी सुरक्षित रहेगा। ध्यान रखें कि साबुन बहुत ज्यादा कठोर न हो क्योंकि इससे कपड़े पर असर पड़ सकता है।साबुन घुलने के बाद साड़ियों को ठंडे पानी में धोएं और उन्हें धूप से दूर किसी ठंडी जगह पर सुखाएं ताकि वे जल्दी सूख जाएं।

# भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग तरीके से बांधी जाती है साड़ी

फैशन



साड़ी भारतीय महिलाओं का पसंदीदा परिधान है, जिसमें उनका सौंदर्य सबसे ज्यादा निखरता है। शिफॉन से लेकर सिल्क तक, देश में कई प्रकार की साड़ियां मिलती हैं। जैसे हर राज्य की अपनी खास साड़ी होती है, ठीक वैसे ही इसे बांधने के तरीके भी अलग-अलग होते हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको साड़ी बांधने की शैलियां बताएंगे। इन सभी की अपनी खासियत होती हैं और सभी एक अलग लुक देती हैं।

**विशेष शोभा बढ़ाता है सीधा पल्लू :** साड़ी बांधने की सबसे मशहूर शैली में से एक है 'सीधा पल्लू', जो भारी साड़ियों की शोभा और भी बढ़ा देती है। यह शैली गुजरात से प्रचिलित हुई थी और अब लगभग हर राज्य की महिला को पसंद आती है। खास तौर से उम्रदराज महिलाएं इस तरह से साड़ी पहनना पसंद करती हैं। इसमें साड़ी के पल्लू को पीछे की ओर से घुमाते हुए दाहिने कंधे पर सीधा रखा जाता है। पल्लू को पिन लगाकर जगह पर रखा जाता है।

**पश्चिम बंगाल की पारंपरिक शैली आठपुरे :** पश्चिम बंगाल की साड़ी पहनने की पारंपरिक शैली को 'आठपुरे' या '2-भाग' कहा जाता है। इसमें एक के बजाय 2 पल्लू लिए जाते हैं। इसमें साड़ी को 2 बार लपेटा जाता है और पल्लू को पीछे से सामने की ओर लाया जाता है। इसके लिए साड़ी को पेटीकोट में टक करें और पल्लू के लिए लंबा हिस्सा छोड़ दें। साड़ी को कमर पर 2 बार लपेटें और पल्लू को दोनों कंधों पर पीछे से सामने की ओर ले आएं।

**आंध्र प्रदेश का प्रचलित पहनावा निवी :** आम तौर पर महिलाएं जिस तरह से साड़ी बांधती हैं उसे ही 'निवी' कहा जाता है। पारंपरिक रूप से आंध्र प्रदेश की महिलाएं इस शैली से साड़ी बांधती हैं। महिलाएं इस शैली में साड़ी बांधना इसलिए पसंद करती हैं, क्योंकि यह आसान होती है। इसमें साड़ी का एक सिरा कमर पर पेटीकोट में टक किया जाता है। बाकी कपड़े की प्लीट बनाकर आगे की ओर टक की जाती हैं और बाएं कंधे पर उल्टा पल्लू लिया जाता है।

**महाराष्ट्र की मशहूर शैली नौवारी :** 'नौवारी' साड़ी महाराष्ट्र की पारंपरिक साड़ी है, जो साड़ी बांधने की एक शैली भी है। यह एक पारंपरिक पहनावा है, जिसका मतलब '9 गज' होता है। इसे बांधने के लिए साड़ी के एक सिरे को कमर पर लपेटकर टक करें। कपड़े को पैरों के बीच से निकालकर पीछे की ओर ले जाएं और टक करें। अब बचे हुए कपड़े की प्लीट बनाएं और उन्हें आगे की तरफ टक करें। अंत में कंधे पर पल्लू लेकर पिन से सुरक्षित कर लें।

# फिल्म देखने जा रही हैं तो पहनें स्टाइलिश व आरामदायक आकर्षक आउटफिट

सिनेमा हॉल में फिल्म देखना एक मजेदार अनुभव होता है। हालांकि, फिल्म देखने जाने से पहले हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि आखिर कैसा आउटफिट चुनना सही है। इस दौरान ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो आरामदायक हों और स्टाइलिश भी दिख सकें। अगर आप भी दोस्तों या प्रेमी के साथ फिल्म देखने जा रही हैं तो ऐसे आउटफिट चुनना सही रहेगा। ये आपको फैशनेबल लुक देंगे और इस मौके के लिए आदर्श भी रहेंगे।

शर्ट और स्पेगेटी टॉप

फिल्म देखने के लिए जो आउटफिट सबसे आरामदायक रहेगा, वह है शर्ट। आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

अपनी पसंद के मुताबिक, शर्ट को डेनिम जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ पेयर करें। हालांकि, अगर आप शर्ट के अंदर स्पेगेटी टॉप पहनकर शर्ट के बटन खुले रखेंगी तो आपको बेहद स्टाइलिश लुक मिल जाएगा। इसके साथ स्नीकर्स या हील वाली सैंडल अच्छी लगेंगी।



### कुर्ती और वाइड लेग जींस

इन दिनों महिलाएं टॉप से ज्यादा कुर्तियां पहनना पसंद करने लगी हैं। मूवी डेट के लिए शार्ट कुर्ती पहनना एक अच्छा निर्णय हो सकता है। ये बेहद चलन में भी हैं और आरामदायक भी रहती हैं। आप प्रिंटेड शार्ट कुर्ती को वाइड लेग जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं, जो चौड़ी और ढीली-ढाली होती हैं। लुक को पूरा करने के लिए पैरों में कोल्हापुरी चप्पल, जूती या सैंडल पहनें। इसे साथ ऑक्सीडाइज्ड झुमके पहनना न भूलें।

### ओवरसाइज्ड टी-शर्ट

अगर आपके पास कम समय है और आप बिना ज्यादा सोचे-समझे स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ओवरसाइज्ड टी-शर्ट चुनें। ये ढीली टी-शर्ट होती हैं, जो एक कैजुअल और कूल लुक प्रदान करती हैं। इस तरह की टी-शर्ट के साथ वाइड लेग जींस या डेनिम शॉर्ट्स पहनना बढ़िया रहता है। इस आउटफिट के साथ स्नीकर्स शानदार लगेंगे, क्योंकि वे भी आरामदायक होते हैं। हाथों में घड़ी पहनकर लुक को निखारा जा सकता है।

# महिलाओं में जमकर लोकप्रिय हो रहे डेनिम 'जोट्र्स', लोग देखते रह जाएं ऐसे करें स्टाइल

शॉर्ट्स और स्कोर्ट्स के बाद अब एक नया बॉटम वियर चलन में आ गया है। हम बात कर रहे हैं डेनिम 'जोट्र्स' की, जो महिलाओं का नया पसंदीदा परिधान बनता जा रहा है। यह घुटनों तक की लंबाई वाली जींस होती है, जो ढीली होती है। यह परिधान 60 और 90 के दशक में मशहूर था और एक बार फिर शानदार वापसी कर रहा है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको जोट्र्स को स्टाइल करने के कुछ बेहतरीन तरीके बताएंगे।

**ट्यूब या ऑफ शोल्डर टॉप के साथ पहनें:** जोट्र्स कोरियाई महिलाओं को बेहद पसंद आते हैं, क्योंकि ये एक कूल लुक प्रदान करते हैं। इन्हें स्टाइल करने का सबसे बढ़िया तरीका है ट्यूब या ऑफ शोल्डर टॉप पहनना। इस आउटफिट में एक कैजुअल लुक मिलता है और कोरियाई लुक पाया जा सकता है।



लुक को पूरा करने के लिए मोटी बेल्ट लगाएं और पैरों में स्नीकर्स पहनें। इस लुक के साथ बालों का जूड़ा बांध लें या पोनीटेल बना लें।

**टी-शर्ट के साथ करें स्टाइल :** अगर आप दोस्तों संग घूमने जा रही हैं और आराम को प्राथमिकता देना चाहती हैं तो जोट्र्स के साथ टी-शर्ट पहनना बढ़िया रहेगा। आप अपनी पसंद के अनुसार फिटिंग वाली या ओवरसाइज्ड टी-शर्ट स्टाइल कर सकती हैं। इनके अलावा क्रॉप टॉप पहनना भी बढ़िया निर्णय होगा, जो फिटिंग वाला हो। ओवरसाइज्ड टी-शर्ट के पीछे वाले हिस्से को जोट्र्स के अंदर टक करें और आगे के हिस्से को बाहर ही रहने दें।

**स्पेगेटी टॉप के साथ पेयर करें :** जोट्र्स के साथ स्पेगेटी स्ट्रैप वाले टॉप पहनकर आप सबसे ज्यादा सुंदर दिख सकती हैं। यह आउटफिट न केवल आपको आकर्षक दिखाएगा, बल्कि गर्मी से भी बचाएगा। आप इस बॉटम वियर के साथ कैमिसोल पहन सकती हैं या स्पेगेटी स्ट्रैप वाले डिजाइनर टॉप कैरी कर सकती हैं। लुक को पूरा करने के लिए पैरों में जूते पहनें और मिनिमल एस्थेटिक वाले जेवर पहन लें। इस आउटफिट के साथ अपने बालों को खुला रखें

**शर्ट के साथ लगेगा और शानदार :** अगर आप एक औपचारिक लुक पाना चाह रही हैं तो जोट्र्स के साथ शर्ट पहनना सबसे बढ़िया निर्णय होगा। शर्ट एक सदाबहार परिधान है, जिसे आप कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**बेहतरीन दिख सकते हैं और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कर सकते हैं**

# पुरुष भी बैगी जींस को स्टाइलिश व फैशनेबल तरीके से पहननें अपनाएं सही तरीका

बैगी जींस न केवल आरामदायक होती है, बल्कि यह स्टाइलिश लुक भी देती है। सही तरीके से बैगी जींस को पहनना और स्टाइल करना बहुत जरूरी है ताकि आपका लुक खास और आकर्षक लगे। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी बैगी जींस को और भी ज्यादा फैशनेबल बना सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप हर मौके पर बेहतरीन दिख सकते हैं और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कर सकते हैं।



### टी-शर्ट या शर्ट के साथ पहनें

बैगी जींस के साथ टी-शर्ट या शर्ट पहनना एक अच्छा तरीका हो सकता है। अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए बैगी जींस चुन रहे हैं तो टी-शर्ट एक बेहतरीन विकल्प है, वहीं अगर आप किसी खास मौके पर जाना चाहते हैं तो शर्ट को चुन सकते हैं। दोनों ही तरीकों से आपका लुक स्टाइलिश और आकर्षक लगेगा। इसके अलावा आप अपनी बैगी जींस के साथ हल्के रंग की शर्ट या टी-शर्ट पहन सकते हैं।

### जूते का चयन करना अहम

बैगी जींस के साथ जूते का चयन करना अहम है ताकि आपका पूरा लुक संतुलित लगे। स्नीकर्स, लोफर्स या डर्बी जूते सभी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। अगर आप रोजमर्रा के लुक चाहते हैं तो स्नीकर्स सबसे अच्छा विकल्प होगा। वहीं ऑफिस या फॉर्मल इवेंट्स के लिए लोफर्स या डर्बी जूते अच्छे लगते हैं। सही जूते से आपका लुक पूरा होता है और आप हर मौके पर बेहतरीन दिखते हैं।

### सही फिटिंग चुनें

बैगी जींस चुनते समय उसकी फिटिंग पर ध्यान दें। बहुत ज्यादा ढीली जींस पहनने से बचें क्योंकि इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। हमेशा ऐसी बैगी जींस चुनें जो आपके कमर और जांघों पर अच्छी तरह बैठें। इससे आपका लुक साफ-सुथरा और आकर्षक दिखेगा। सही फिटिंग वाली बैगी जींस पहनने से आप आरामदायक महसूस करेंगे और हर मौके पर बेहतरीन दिखेंगे।

### आत्मविश्वास रखें

आत्मविश्वास सबसे अहम चीज होती है जब बात स्टाइलिंग की आती है। चाहे आप जो भी पहनें, अगर आप आत्मविश्वास से भरे होंगे तो आपका लुक हमेशा बेहतरीन लगेगा। बैगी जींस पहनते समय खुद को आरामदायक महसूस करें और अपने स्टाइल पर गर्व करें। इन सभी तरीकों को अपनाकर आप अपनी बैगी जींस को स्टाइलिश बना सकते हैं और हर मौके पर बेहतरीन दिख सकते हैं।



### एक्सेसरीज का उपयोग करें

एसेसरीज आपके लुक को पूरा करने में मदद करती हैं। घड़ी, बेल्ट या कैप्स जैसी छोटी-मोटी चीजें आपके लुक को खास बना सकती हैं। अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए बैगी जींस पहन रहे हैं तो बेल्ट का उपयोग करें ताकि आपकी जींस सही जगह पर टिकी रहे। इसके अलावा कैप्स भी आपके कैजुअल लुक को बढ़ावा देती हैं। इन सरल लेकिन प्रभावी तरीकों से आप अपनी बैगी जींस को और भी ज्यादा स्टाइलिश बना सकते हैं।